हरिभूमि
मालवा भूमि फ्रंट पेज
भोपाल, गुरुवार 3 सितंबर 2026
देवास | शाजापुर | शुजालपुर | कालापीपल | नलखेड़ा | कानड़ | आगर मालवा | ललितपुर | मंदसौर

06 यातायात नियम तोड़ने वालों पर सख्ती लाइसेंस...



07 एम्बुलेंस से बकरी चोरी करने वाला गिरोह ...



खबर संक्षेप

शासकीय महाविद्यालय दलौदा में बलराम जयंती मनाई गई

दलौदा। शासकीय महाविद्यालय दलौदा की राष्ट्रीय सेवा योजना (एनएसएस) इकाई एवं स्वामी विवेकानंद मार्गदर्शन प्रकोष्ठ के संयुक्त तत्वावधान में बलराम जयंती श्रद्धा एवं उत्साह के साथ मनाई गई। कार्यक्रम का आयोजन महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जे. एल. आर्य के मार्गदर्शन में किया गया। कार्यक्रम में महाविद्यालय के प्राध्यापकों, कर्मचारियों एवं विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक सहभागिता की। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. जे. एल. आर्य ने बलराम जयंती एवं उनके जीवन एवं व्यक्तित्व पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि बलराम भारतीय संस्कृति और परंपरा में शक्ति, साहस, परिश्रम तथा कर्तव्यनिष्ठा के प्रतीक माने जाते हैं। उनका जीवनहमेंदृढ़ संकल्प, अनुशासन और अपने कर्तव्यों के प्रति समर्पित रहने की प्रेरणा देता है। उन्होंने विद्यार्थियों से बलराम के आदर्शों को अपने जीवन में आत्मसात करने का आह्वान किया। एनएसएस प्रभारी प्रो. गोविंद राठौर ने विद्यार्थियों को बलराम के जीवन से प्रेरणा लेने के लिए प्रेरित किया। उन्होंने कहा कि बलराम का जीवन युवाओं को शारीरिक एवं मानसिक रूप से मजबूत बनने, परिश्रम करने तथा समाज और राष्ट्र के प्रति अपने दायित्वों का निर्वहन करने की सीख देता है। उन्होंने विद्यार्थियों से भारतीय संस्कृति, परंपराओं एवं महापुरुषों के आदर्शों को समझकर अपने जीवन में सकारात्मक रूप से अपनाने की बात कही। कार्यक्रम में डॉ. माला हकवाडिया, प्रो. तोसिफ नागौरी, प्रो. निशा वास्कले, प्रो. मेघा जोशी, प्रो. राजेश हाड़ा, प्रो. मेनाज बी. सहित महाविद्यालय के अन्य कर्मचारी एवं बड़ी संख्या में विद्यार्थी उपस्थित रहे।

चार दिवसीय पैदल यात्रा नाहरगढ से श्री सांवलिया सेठ

नाहरगढ। परम्परानुसार इस वर्ष भी नाहरगढ मित्र मंडल के तत्वाधान में नाहरगढ से श्री सांवलिया सेठ धाम तक विशाल पैदल यात्रा का आयोजन नरसिंह मंदिर खाकी बाग से शुरु हुआ। बालाजी फंटे पर पहुंचकर श्रद्धालु ने पैदल यात्रियों का आत्मीय स्वागत एवं अभिनंदन किया।श्री सांवरिया सेठ के दर्शन के लिए चार दिवसीय पैदल यात्रा का जत्था सुबह 6:30 बजे खाकी बांग मंदिर से उत्साहपूर्वक रवाना हुई। जन्माष्टमी के अवसर पर यात्रा श्री सांवरिया सेठ मंदिर पहुंचेगी। यात्रा को लेकर भक्तों में खासा उत्साह नजर आया। । जयकारों के साथ रवाना हुए भक्तों से माहौल भक्तिमय हो गया। इस पावन पदयात्रा में शामिल सभी श्रद्धालुओं की आस्था, श्रद्धा और भक्ति भाव सचमुच प्रेरणादायी है। बाबा श्री सांवलिया सेठ से सभी भक्तों की सुख-समृद्धि एवं मंगलमय जीवन की कामना करते है । जय श्री सांवलिया सेठ के जयकारे लगाते पैदल यात्रीगण चल रहे है।

पशुपालक व दुग्ध संघ ने दूध के 10 रुपए लीटर भाव बड़ाने का निर्णय लिया

भानपुरा / मंदसौर। दुग्ध संघ एवं पशुपालक दूध विक्रेताओं की बैठक मंगलवार 1 सितंबर को बड़ा महादेव मार्ग स्थित फूटा गणेश मंदिर पर आयोजित की गई। बैठक में उपस्थित दूध व्यवसायियों ने बढ़ती महंगाई का हवाला देते हुए दूध की कीमतों को लेकर दूध के भाव बड़ाने का निर्णय लिया। जिस अनुसार गाय एवं भैंस का दूध 10 रू प्रति लीटर बढ़ोतरी किया गया। इसके अलावा गाय एवं भैंस का घी व पनीर दही के दाम भी बड़ाने का निर्णय भी सर्वसम्मति से लिया गया है। दूध विक्रेता द्वारा दूध में अन्य मिलावट की गई तो संगठन कड़ी करवाई करेगा। संगठन अध्यक्ष प्रकाश गुर्जर, उपाध्यक्ष कृपाल सिंह, सदस्य बबलू गुर्जर, विष्णु भट्ट, राहुल गुर्जर, कमल सिंह, सुनील रुद्रवाल, विनय पाटीदार, सूरज गुर्जर, उगमा राम गुर्जर, भगत राम गुर्जर, रवि गुर्जर, रितिक गुर्जर, किशोर आदि रहे मौजूद।

भगवान चन्द्र प्रभु का निर्वाण कल्याणक धूमधाम से मनाया जाएगा आज

चातुर्मास के दौरान जैन समाज में चल रही विभिन्न धार्मिक गतिविधियां



सनतिकरम महापूजन का कार्यक्रम भी होगा

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

स्थानीय जैन श्वेतांबर समाज में इस वर्ष परम पूज्य कलिकुण्ड तीर्थो धारक प.पू.गुरुदेव राजेन्द्र सूरीश्वरजी महाराजा की आज्ञानुवर्ती प.पू.राजगुणा श्री जी म.सा आदि ठाणा 4 चातुर्मास चल रहा है। चातुर्मास के दौरान समाज में विभिन्न धार्मिक गतिविधियां आयोजित की जा रही है। साध्वी मंडल की पावन प्रेरणा एवं निश्रा में नगर में पहली बार मूलनायक भगवान चंद्रप्रभु के निर्वाण कल्याणक 3 सितंबर गुरुवार को धूम धाम से मनाया जायेगा। जिसमे परमात्मा का संगीतमय भक्ताम्बर अभिषेक लाभार्थी परिवार द्वारा किया जाएगा। गुरुवार को ही बड़ी सनतिकरम महापूजन का कार्यक्रम भी होगा। स्थानीय जैन श्वेतांबर मंदिर जी के मुलनायक श्री चंद्रप्रभु स्वामी के निर्वाण कल्याणक के पावन अवसर पर प.पू. साध्वी श्री राजगुणा श्रीजी महाराज साहेब आदि ठाणा 4 की निश्रा में पहली बार श्री चंद्रप्रभु स्वामी निर्वाण कल्याणक महोत्सव आयोजित होने जा रहा है। आयोजन के तहत गुरुवार प्रातः 6 बजे श्री चंद्रप्रभु स्वामी और श्री शांतिनाथ परमात्मा का संगीतमय भक्तांबर अभिषेक होगा। अभिषेक के पश्चात 108 पुष्पों से पुष्प पूजा निर्वाण पद के संगीतमय मंत्रोच्चार के साथ तत्पश्चात परमात्मा के समक्ष निर्वाण लड्डू समर्पण होगा।

दोपहर 12:39 बजे विजय मुहूर्त में महामंगलकारी श्री संतिकरम महापूजन होगा। विधिकारक अरुण जैन एंड पार्टी, मंदसौर द्वारा विधि विधान एवं मंत्रोचार के साथ पूजन एवं धार्मिक आयोजन की विशेष प्रस्तुति दी जावेगी। सायं 7:00 बजे कुमारपाल महाराजा द्वारा परमात्मा की 108 दीपक से दिव्य आरती का कार्यक्रम होगा। इसके पूर्व सकल श्री संघ के साथ लाभार्थी परिवार के निवास से गाजे-बाजे के साथ चल समारोह निकाला जाएगा जो मंदिर जी पहुंचेगा। रात्रि 8:00 बजे से आनंदमय प्रभु भक्ति प्रस्तुति राहुल परिहार एंड पार्टी, रतलाम द्वारा दी जावेगी। जैन मूर्ति पूजक ट्रस्ट मंडल द्वारा समाज जनों से विनम्र एवं हार्दिक निवेदन किया गया है कि सभी अधिक से अधिक संख्या में उपस्थित होकर इस पावन, दुर्लभ एवं धर्ममय आयोजन को अपनी सहभागिता से सफल बनाएं और श्री चंद्रप्रभु स्वामी के चरणों में अपनी श्रद्धा अर्पित कर धर्मलाभ प्राप्त करें। चातुर्मास के दौरान साध्वी मंडल की प्रेरणा से समाज के नन्हे मुन्ने बच्चों में धार्मिक संस्कारों का बीजारोपण हो तथा उनकी धर्म की प्रति रुचि बड़े इसके लिए प्रत्येक रविवार को धार्मिक बाल शिविर का आयोजन समाज द्वारा किया जा रहा है। इसमें 5 वर्ष से लगाकर 12 वर्ष तक के बच्चों द्वारा भाग लिया जा रहा है। जिन्हें साध्वी मंडल द्वारा जैन धर्म संबंधी विशेष जानकारी शिविर के माध्यम से प्रदान की जा रही है। इसी के साथ सम्मेद शिखरजी पर मोक्ष प्राप्त करने वाले 20 तीर्थंकर भगवानों के निमित्त शिखरजी तप 7 अगस्त से प्रारंभ किया गया है। यह तप 40 दिनों तक चलेगा जिसमें एक दिन उपवास तथा एक दिन बायसना रखा गया है। इस तरह इस तप में भाग लेने वाले आराधक को 20 दिन उपवास तथा 20 दिन बायसना करना होगा। 13 वे दिन का सामूहिक बायसना 1 सितंबर को लाभार्थी प्रेमचंद जितेंद्र कुमार सकलेचा परिवार की ओर से रखा गया था। समाज के सभी श्रावक भाइयों के लिये प्रातः 8 से 9 बजे तक जैन उपाश्रय हनुमान मंडी पर सामयिक प्रारंभ की गई है। जिसमें बड़ी संख्या में समाज जनों के साथ युवा वर्ग द्वारा भाग लिया जा रहा है। साध्वीजी की प्रेरणा से समाज में 20 दिन का दस विधयति धर्म तप प्रारम्भ हुआ है। जिसमें एक दिन बियासना और एक दिन उपवास और लास्ट में बेला आयेगा।

दादावाड़ी में जिनालय शुद्धिकरण कार्य हुआ

पार्श्व कुशल जिन मंदिर दादावाड़ी में नवरत्न परिवार एव मालवामहासंघ के द्वारा जिनालय शुद्धिकरण का कार्य बुधवार को प्रातः 7:00 बजे से किया गया। कार्यक्रम में समाज जनों के साथ, नवरत्न परिवार सदस्य एवं दादावाड़ी ट्रस्ट मंडल नलखेड़ा के सदस्यों द्वारा जिनालय शुद्धिकरण के साथ मंदिर में विराजित परमात्मा की प्रतिमाओं के साथ अन्य देवी देवताओं की प्रतिमाओं का विभिन्न औषधीय से विलेपन कर मंदिर की सफाई का कार्य किया गया।

जन्माष्टमी पर्व को लेकर राधा-कृष्ण बनो प्रतियोगिता



हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा



नगर की एकमात्र सीबीएसई शिक्षण संस्था कक्का इंटरनेशनल स्कूल में जन्माष्टमी के पावन अवसर पर नर्सरी से केजी सेकंड तक के विद्यार्थियों के लिए राधा-कृष्ण बनो प्रतियोगिता का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में नन्हे-मुन्ने विद्यार्थियों ने राधा एवं कृष्ण की मनमोहक वेशभूषा धारण कर उत्साहपूर्वक भाग लिया। बाल कृष्ण और राधा के रूप में सजे बच्चों की मनमोहक प्रस्तुतियों ने सभी का मन मोह लिया। बच्चों की आकर्षक वेशभूषा से विद्यालय का वातावरण पूरी तरह कृष्णमय एवं उत्सवमय हो गया। विद्यार्थियों ने पूरे उत्साह और आत्मविश्वास के साथ प्रतियोगिता में सहभागिता की। कार्यक्रम का उद्देश्य बच्चों में भारतीय संस्कृति, परंपराओं एवं धार्मिक पर्वों के प्रति रुचि और संस्कार विकसित करना रहा। कार्यक्रम में विद्यार्थियों की उत्साहपूर्ण भागीदारी देखने को मिली और विद्यालय में जन्माष्टमी का पर्व हर्षोल्लास एवं उमंग के साथ मनाया गया।

दुर्गा वाहिनी की बहनों ने पुलिसकर्मियों को बांधा रक्षा सूत्र



नलखेड़ा। विश्व हिंदू परिषद के संगठन की योजना अनुसार प्रखंड नलखेड़ा में दुर्गा वाहिनी की बहनों द्वारा रक्षाबंधन के पावन अवसर पर स्थानीय पुलिस कार्यालय पहुँचकर पुलिसकर्मी भाइयों को कुमकुम तिलक कर मुंह मीठा करवाया गया। तथा उनकी कलाई पर रक्षा सूत्र बांधकर भाई-बहन के प्रेम, सम्मान एवं आत्मीयता का पर्व मनाया गया।

इनरव्हील क्लब की मासिक बैठक संपन्न, रूपरेखा तैयार



हरिभूमि न्यूज ⏭ मन्दसौर

इनरव्हील क्लब मंदसौर की मासिक बैठक आयोजित की गई, जिसमें क्लब द्वारा पूर्व में किए गए विभिन्न प्रोजेक्ट्स की जानकारी सदस्यों के समक्ष प्रस्तुत की गई। पूर्ण हो चुके प्रोजेक्ट्स की समीक्षा करते हुए क्लब अध्यक्ष अंजना पटेल ने उनके प्रभाव एवं उपलब्धियों पर चर्चा की गई। क्लब की अध्यक्ष अंजना पटेल ने कहा कि क्लब द्वारा किए जा रहे सेवा कार्य समाज में सकारात्मक बदलाव लाने का माध्यम हैं। सचिव अल्पना राठौड़ ने पूर्व प्रोजेक्ट्स की जानकारी देते हुए आगामी कार्यक्रमों की रूपरेखा प्रस्तुत की। बैठक में आगामी प्रोजेक्ट्स एवं सामाजिक गतिविधियों की रूपरेखा भी तैयार की गई। महिलाओं के सशक्तिकरण, स्वास्थ्य, शिक्षा एवं समाजसेवा से जुड़े कार्यों को आगे बढ़ाने पर विशेष जोर दिया गया। बैठक में क्लब की सदस्याओं की सक्रिय सहभागिता रही। कार्यक्रम की प्रायोजक पूर्व अध्यक्ष इंदु पंचोली रहीं। कार्यक्रम में हेमा हिंगड़ ने इनरव्हील प्रार्थना प्रस्तुत की। बैठक में रक्षाबंधन का त्योहार भी मनाया गया। गेम और लकी ड्रॉ का भी आयोजन किया गया, जिसमें इंदु पंचोली, उषा कुमावत, आभा त्रिवेदी अल्पना राठौर और कमला शर्मा विजेता रहीं। आभार साक्षी जैन ने व्यक्त किया।

मालवीय अजा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति में विशेष आमंत्रित सदस्य नियुक्त



नलखेड़ा। भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा प्रदेशाध्यक्ष भगवान सिंह परमार द्वारा घोषित प्रदेश कार्यसमिति सदस्य में नगर के निवासी ताराचंद मालवीय को प्रदेश कार्यसमिति में विशेष आमंत्रित सदस्य नियुक्त किया गया है। श्री मालवीय की नियुक्ति पर पार्टी पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं द्वारा उन्हें बधाइयां दी गई है।



प्रति मंगलवार भजनों से गूंज रहा चौक बाजार

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा

नगर में प्रति मंगलवार रात्रि को एक भजन मंडली द्वारा हनुमान जी का झंडा निकाला जा रहा है। यह झंडा नगर भ्रमण के दौरान चौक बाजार स्थित श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर पहुंचता है जहाँ देर तक भजनों की गूंज से चौक गुंजायमान रहता है। नगर के गोविंदपुरा की संकटमोचन हनुमान मंडली द्वारा प्रत्येक मंगलवार को गोविंदपुरा स्थित श्री संकटमोचन हनुमान मंदिर से हनुमान जी का झंडा निकाला जा रहा है। हनुमान जी का यह झंडा गोविंदपुरा से शिवाजी मार्ग होते हुवे चौक बाजार स्थित श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर पहुंचता है जहाँ मंडली के सदस्य देर तक भजन कीर्तन करते है। इस दौरान भजन मंडली पर पुष्पों की वर्षा कर उनका स्वागत किया जाता है। इस दौरान छोटे छोटे बच्चें बड़ी संख्या में उपस्थित रहकर वे भी भजनों को गाने के साथ साथ अपनी बाल मुद्राओं में आकर्षक नृत्य भी करते है। इस मौके पर चौक बाजार में बड़ी संख्या में भक्त उपस्थित रहते है। श्री पंचमुखी हनुमान मंदिर पर सुमधुर आवाज में ढोलक व झांझ की थाप पर प्रस्तुत भजनों की गूंज से देर तक चौक बाजार गुंजायमान रहता है। वर्तमान में स्थिति यह हो गई है कि भक्त अब झंडे का इंतजार करने लगे है। जिससे ऐसा प्रतीत होने लगा है कि हनुमान जी का यह झंडा अब एक उत्सव का रूप ले चुका है। मंगलवार को निकले झंडे का जहाँ मार्ग में विभिन्न स्थानों पर स्वागत किया जाता है वही पंचमुखी हनुमान मंदिर पर मंडली के सदस्यों का स्वागत पश्चयात अल्पाहार भी करवाया जाता है।

स्टैंडिंग कमेटी की बैठक व मीडिया ब्रीफिंग संपन्न

उपचुनाव क्षेत्र में आदर्श आचरण संहिता का कड़ाई से पालन हो: कलेक्टर डॉ. मीना

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा



म.प्र. राज्य निर्वाचन आयोग, भोपाल द्वारा जिले में आकस्मिक रूप से रिक्त हुए पदों के लिए उप निर्वाचन-2026 पूर्वार्द्ध की घोषणा कर दी गई है। जिले की नगर परिषद सुसनेर के अध्यक्ष का पद वर्तमान में रिक्त है। चूंकि इस बार नगर परिषद अध्यक्ष पद का चुनाव प्रत्यक्ष प्रणाली से होना है, इसलिये नगर परिषद सुसनेर के सभी 15 वार्डो में आदर्श आचार संहिता प्रभावशील हो गई है, जो 03 अक्टूबर 2026 तक लागू रहेगी। नगर परिषद सुसनेर में 15 वार्ड, कुल 17 मतदान केन्द्र हैं, जिनमें कुल 13843 मतदाता हैं, जिसमें महिला-6928, पुरूष-6914 एवं अन्य में 01 मतदाता है। इस संबंध में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. शेर सिंह मीना ने एवं एसपी दिलीप सोनी की उपस्थिति में जिला स्तरीय स्टेण्डिंग कमेटी बैठक आयोजित की गई। बैठक में उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. शालिनी श्रीवास्तव ने राजनैतिक दलों के प्रतिनिधियों को उप निर्वाचन कार्यक्रम की विस्तार से जानकारी दी। उन्होंने प्रतिबंधात्मक आदेश, कोलाहल नियंत्रण आदेश, ध्वनि विस्तारक यंत्रों के उपयोग आदि के बारे में बताया। उप जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. श्रीवास्तव ने अवगत करवाया कि आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम अनुसार 08 सितम्बर 2026 से नाम निर्देशन पत्र प्राप्त करने की प्रक्रिया प्रारंभ होगी, जो 15 सितम्बर 2026 को अपरान्ह 03.00 बजे तक चलेगी। नाम निर्देशन पत्र लेने हेतु अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व), सुसनेर को रिटर्निंग ऑफिसर नियुक्त किया गया है। इसी अनुक्रम में 16 सितम्बर से प्राप्त नाम-निर्देशन पत्रों की जांच (संवीक्षा) होगी एवं 18 सितम्बर 2026 तक अभ्यर्थी अपने नाम वापस ले सकेंगे। नाम वापसी के तुरंत बाद ही निर्वाचन लड़ने वाले अभ्यर्थियों की सूची तैयार कर प्रतिक चिन्ह रिटर्निंग अधिकारी द्वारा आवंटित किये जायेंगे। प्रतिक चिन्ह आवंटन पश्चात मतपत्र मुद्रण की कार्यवाही नोडल अधिकारी द्वारा की जायेगी। इसके बाद 29 सितम्बर मंगलवार को प्रातः 07.00 बजे से मतदान प्रारंभ होगा, जो अपरान्ह 05.00 बजे तक चलेगा। मतदान के बाद 03 अक्टूबर 2026, शनिवार को प्रातः 09.00 बजे से मतगणना और निर्वाचन परिणामों की घोषणा निर्धारित स्थान पर की जायेगी। कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी ने सभी राजनैतिक दलों एवं नागरिकों से आदर्श आचार संहिता का पालन करने तथा निर्वाचन को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष एवं स्वतंत्र रूप से संपन्न कराने में सहयोग प्रदान करने की अपील की है।

श्री जांगड़ा पोरवाल समाज महिला मंडल मंदसौर ने सुंदरबन एडवेंचर पार्क का किया भ्रमण

हरिभूमि न्यूज ⏭ मन्दसौर

श्री जांगड़ा पोरवाल समाज महिला मंडल मंदसौर ने कजरी तीज के अवसर पर सुंदरबन एडवेंचर पार्क का भ्रमण किया। मंडल की 60 से अधिक महिलाओं ने पार्क में स्थित विभिन्न गतिविधियों का आनंद लिया।

अध्यक्ष कुसुम सेठिया ने बताया कि कजरी तीज महिलाओं का विशेष त्यौहार है ।ये भादौ माह में आती है।इस समय सम्पूर्ण प्रकृति हरियाली से आच्छादित रहती है । अतः महिलाएं शिव आराधना के साथ विभिन्न बाग बगीचों में पहुंच कर झूलों का आनंद लेती है। इसीलिए हमने सामूहिक वन विहार का आयोजन रखा। सभी महिलाएं अपने साथ विभिन्न फलों के बीजों की सिड्स बॉल बनाकर लाई जिन्हें यहां जंगल में डाला गया है जिससे जंगल में नए पौधे तैयार होंगे। सचिव निधि गुप्ता ने बताया कि जिस तरह आभुषणों से महिलाओं की सुंदरता बढ़ती हैं उसी तरह वृक्ष धरती के आभूषण है ये धरती की सुंदरता बढ़ाते हैं।हरी-भरी धरती मनुष्य के मन को प्रफुल्लित करती है। कोषाध्यक्ष हेमलता गुप्ता ने बताया कि यहां सभी महिलाओं ने शिव पुजन कर झूलों का आनंद लिया। तत्पश्चात देवडुगरी पहुंचकर मां अम्बे के दर्शन किये व देवी के भजनों पर नृत्य किया। डुगरी की तलहटी में सभी सदस्यों ने सामुहिक गेम खेलें व घर से लाएं गए स्वादिष्ट भोजन का आनंद लिया ।

इस अवसर पर मार्गदर्शन मंडल निर्मला मांदलिया, गीता धनोतिया, गीता पोरवाल, पुष्पा मरच्या, संतोष फरक्या के साथ सीमा पोरवाल, सुशीला मोदी, ममता रत्नावत, उषा रत्नावत, रानी रत्नावत, ज्योति काला, सुशीला घाटिया, किरण पोरवाल, सुनीता सेठिया, संगीता फरक्या, सुमित्रा सेठिया, रेखा मंडवारिया, निर्मला गुप्ता, गुणमाला धनोतिया, प्रीति सेठिया, रेखा पोरवाल, सारिका रत्नावत आदि रहे मौजूद।



सिद्धि तप तपस्वियों के अक्षत वधामणे का हुआ आयोजन

'मानव भव हमें भक्त से भगवान बनने के लिए मिला'

हरिभूमि न्यूज ⏭ नलखेड़ा





यह दुर्लभ मानव भव हमें भक्त से भगवान बनने के लिए मिला है। तन-मन मिला है मोक्ष की धर्म आराधना करने के लिए। ज्ञान अर्जन करने का एकमात्र स्त्रोत है धार्मिक पाठशाला है, हमें अपने बच्चों मैं धार्मिक संस्कारों को अंकुरित करना है तो हमे बच्चों को धार्मिक पाठशाला अवश्य भेजना चाहिए। महिदपुर रोड श्री राजेंद्र सुरि ज्ञान मंदिर में चातुर्मास हेतु विराजित परम पूज्य साध्वी डॉ अमृतरसा श्री जी महाराज साहब ने बुधवार को उपस्थित धर्म सभा को संबोधित करते हुए कहा कि जीवन में धर्म का ज्ञान होना परम आवश्यक है। कहां गया है कि ज्ञान बिना सब क्रिया झूठी, करें आवश्यक अनुसारी अर्थात जब तक आपको ज्ञान नहीं है चाहे कितनी भी आप क्रिया करो वह निष्फल है। ज्ञान अर्जन करने का एकमात्र स्त्रोत है, धार्मिक पाठशाला। हमें अपने बच्चों मैं धार्मिक संस्कारों को अंकुरित करना है, तो हमे बच्चों को धार्मिक पाठशाला अवश्य भेजना चाहिए। आज वर्तमान में जितने भी बड़े आचार्य साधु महात्मा है उन्होंने भी पाठशाला में अध्ययन कर इस पद को प्राप्त किया है। पूज्य साध्वीजी ने कहा कि यह मानव भव हमें भक्त से भगवान बनने के लिए मिला है। तन-मन मिला है, मोक्ष की धर्म आराधना करने के लिए। कृष्ण महाराजा ने अट्ठारह हजार साधुओ को भाव से वंदन कर नरक के आयुष्य को तोड़कर तीर्थंकर नाम गोत्र कर्म का उपार्जन किया था। उन्होंने कहा कि हमें हर जीव में शिव के दर्शन करना चाहिए, हर जीव चींटी से लेकर हाथी तक में समान आत्मा विद्यमान है। तृतीय दिवस के मंगलकारी अवसर पर अक्षत वधामणे मैं सभी तपस्वियों को अक्षत के द्वारा लाभार्थी एवं समाज जनों द्वारा बधाया गया। जैन समाज मीडिया प्रभारी सचिन भंडारी में जानकारी देते हुए बताया कि आज की साधार्मिक भक्ति प्रभावना एवं संपूर्ण दिवस का लाभ कांतिलाल राजेश कुमार संदीप कुमार कुलदीप कुमार बरडिया परिवार द्वारा लिया गया तृतीय दिवस के अक्षत बाधामानी का लाभ जैन श्वेतांबर सोशल ग्रुप केसरिया यूनिक शाखा महिदपुर रोड द्वारा लिया गया।

खबर संक्षेप

मेवाड़ा माली समाज ने बराया को पुनः अध्यक्ष की दी जिम्मेदारी



कांटाफोड़। मेवाड़ा माली समाज कांटाफोड़ की वार्षिक बैठक में समाज की विभिन्न गतिविधियों एवं संगठनात्मक कार्यों की समीक्षा की गई। बैठक में समिति द्वारा किए गए अच्छे कार्यों और समाजहित में निभाई गई सक्रिय भूमिका को देखते हुए समाजबंधुओं ने पुरानी समिति पर ही पुनः विश्वास जताते हुए उसे यथावत बनाए रखने का निर्णय लिया। बैठक में महेश बराया को पुनः अध्यक्ष की जिम्मेदारी सौंपी गई। समिति के पदाधिकारियों एवं सदस्यों के कार्यों की सराहना करते हुए समाजबंधुओं ने कहा कि समिति ने समाज को एकजुट रखने, सामाजिक आयोजनों को बेहतर ढंग से संपन्न कराने तथा समाजहित के कार्यों में सक्रिय भूमिका निभाई है। समिति के पुनर्गठन की घोषणा होते ही समाजबंधुओं ने नवनिर्वाचित पुनर्नियुक्त पदाधिकारियों का पुष्पमाला पहनाकर स्वागत किया तथा मिठाई खिलाकर बधाई एवं शुभकामनाएं दीं। बैठक में समाज के वरिष्ठजनों सहित बड़ी संख्या में समाजबंधु उपस्थित रहे।

सेवानिवृत्त शिक्षक का किया अभिनंदन



बागली। समीपस्थ चैम्पियन शाला शा. मा. वि. छतरपुरा में करीब 28 साल तक सेवा देने वाले उत्कृष्ट शिक्षक सत्यनारायण भाटी की सेवानिवृत्ति पर ग्राम के वरिष्ठ जनों, ग्राम पंचायत, रामायण मंडल और माध्यमिक विद्यालय परिवार द्वारा भव्य विदाई समारोह आयोजित कर आत्मीय अभिनंदन किया गया। ग्रामीण जनों ने उपहार भेंटकर व पुष्पमाला पहनाकर विदाई दी। शासकीय संदीपनी उत्कृष्ट विद्यालय बागली में नगर परिषद अध्यक्ष प्रतिनिधि कमल यादव, वासुदेव जोशी, प्राचार्य शालिग्राम भारतीय कि उपस्थित में कार्यक्रम आयोजित कर शिक्षक सत्यनारायण भाटी को विदाई दी गई। इस दौरान शिक्षक वारिस अली,सुनील पाटीदार सहित विद्यालय स्टाफ उपस्थित रहा।

जन्माष्टमी पर निकलेगा चल समारोह

भौरासा। श्रीकृष्ण जन्माष्टमी पर्व को लेकर नगर में तैयारियां जोरों पर हैं। इस वर्ष भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव पर नगर में यादव-अहिर समाज द्वारा भव्य चल समारोह निकाला जाएगा। विशेष रूप से पंचधातु से निर्मित एवं आकर्षक श्रृंगार से सुसज्जित लड्डू गोपाल की प्रतिमा को फूलों से सजी पालकी में विराजमान कर पूरे नगर में भ्रमण कराया जाएगा।चल समारोह जन्माष्टमी के दिन शाम 5 बजे खेड़े से प्रारंभ होगा। इसके बाद शोभायात्रा नन्हा मोहल्ला, यादव मोहल्ला, चौधरी मोहल्ला और ठाकुर मोहल्ला से होते हुए छोटे हनुमान चौक पहुंचेगी। बस स्टैंड एवं एमजी रोड से होकर चल समारोह का बड़े हनुमान चौक आरती के बाद समापन किया जाएगा । यादव-अहिर समाज ने नगरवासियों एवं सभी श्रद्धालुओं से अधिक से अधिक संख्या में शामिल होने अपील की है।

कलेक्टर सिंह की अध्यक्षता में जिला स्तरीय सड़क सुरक्षा समिति की बैठक संपन्न

यातायात नियम तोड़ने वालों पर सख्ती लाइसेंस-परमिट निलंबित करने के निर्देश

बैठक के दौरान हिट एंड रन योजना अंतर्गत 10 परिवारों को कुल 08 लाख रुपये के चेक किए वितरित।



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

जिले में सड़क सुरक्षा और यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने के लिए प्रशासन अब सख्त रुख अपनाने जा रहा है। यातायात नियमों का उल्लंघन करने वाले वाहन चालकों के खिलाफ प्रभावी कार्रवाई की जाएगी। बस, ई-रिक्शा, ऑटो रिक्शा एवं मैजिक वाहनों को निर्धारित स्थानों पर ही रुकने की अनुमति होगी। नियमों की लगातार अनदेखी करने वालों के लाइसेंस निलंबित करने और परमिट निरस्त करने तक की कार्रवाई की जाएगी। बैठक में सड़क सुरक्षा एवं यातायात व्यवस्था को लेकर प्रशासन की सक्रियता पर भी जोर दिया गया। बैठक में कलेक्टर ऋतु राज सिंह एवं एसपी पुनीत गेहलोद ने जिले की यातायात व्यवस्था के साथ महिला संबंधी अपराध रोकथाम, एससी-एसटी अपराध, नशा मुक्ति, चिन्हित अपराध, गबन-धोखाधड़ी तथा अवैध खनन सहित विभिन्न विषयों की समीक्षा की। अधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिए गए कि यातायात नियमों का पालन सुनिश्चित करने के लिए नियमित जांच एवं कार्रवाई की जाए।

हिट एंड रन के 10 परिवारों को मिले 8 लाख के सांकेतिक चेक

बैठक के दौरान हिट एंड रन योजना के अंतर्गत 10 परिवारों को कुल 8 लाख रुपए के सांकेतिक चेक वितरित किए गए। बैठक में बताया गया कि हिट एंड रन योजना के संचालन में देवास जिला प्रदेश में प्रथम स्थान पर है। जिले में योजना के तहत कुल 186 प्रकरण सामने आए, जिनमें से 111 प्रकरण स्वीकृत हो चुके हैं। सामान्य बीमा परिषद मुंबई द्वारा अब तक 78 प्रकरणों में 70 लाख 50 हजार रुपए की राशि जारी की जा चुकी है। प्रशासन के अनुसार विभिन्न विभागों के समन्वित प्रयासों से योजना का जिले में प्रभावी क्रियान्वयन किया जा रहा है।

यात्री वाहन निर्धारित स्थानों पर रुकें

कलेक्टर सिंह ने आरटीओ बरखा शुक्ला को निर्देश दिए कि देवास शहर में बस, ई-रिक्शा, ऑटो रिक्शा एवं मैजिक वाहन केवल निर्धारित स्थानों पर ही रुकें। बीच सड़क अथवा मार्गों पर वाहन रोककर यातायात बाधित करने वालों के खिलाफ कार्रवाई की जाएगी। नियमों का उल्लंघन करने वाले चालकों के लाइसेंस निलंबित करने एवं परमिट निरस्त करने की कार्रवाई भी की जाएगी। आरटीओ एवं ट्रैफिक पुलिस को लगातार जांच अभियान चलाने के निर्देश दिए गए हैं। ई-रिक्शा के लिए निर्धारित रूट तय करने तथा वाहनों पर रूट संबंधी सर्कुलर चस्पा कराने के निर्देश भी दिए गए। निर्धारित रूट से अलग संचालन करने वाले वाहनों पर कार्रवाई की जाएगी।

बायपास पर नहीं लगेगा बकरा हाट


कलेक्टर सिंह ने नौसराबाद बायपास चौराहे पर बकरा हाट नहीं लगाने के निर्देश दिए। इसके लिए अन्य उपयुक्त स्थान का चिन्हांकन करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए गए हैं। तहसीलदार एवं पुलिस विभाग को आगामी गुरुवार को बायपास चौराहे पर बकरा हाट नहीं लगने देने के लिए आवश्यक कार्रवाई करने को कहा गया। इसी तरह मुख्य मार्गों पर रेती मंडी संचालित नहीं करने के निर्देश दिए गए हैं। रेती मंडी के लिए अलग और उपयुक्त स्थान चिन्हित किया जाएगा। मुख्य मार्गों पर रेत से भरे ट्रैक्टर खड़े करने वालों के खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

अवैध कट पॉइंट होंगे बंद

एबी रोड स्थित आदियोगी हॉस्पिटल के सामने जाली तोड़कर बनाए गए अवैध कट पॉइंट को बंद करने के निर्देश दिए गए। कलेक्टर ने जाली तोड़कर कट पॉइंट बनाने वालों के खिलाफ कार्रवाई करने तथा पास स्थित आटा मिल एवं आदियोगी हॉस्पिटल संचालक को नोटिस जारी करने के निर्देश दिए। इसके साथ ही जिले में विभिन्न ढाबों के सामने बनाए गए अवैध कट पॉइंट की जांच कर ढाबा संचालकों को नोटिस जारी करने और आवश्यक कार्रवाई करने के निर्देश दिए गए।

सिंगावदा ब्रिज पर बेकाबू ट्राला रेलिंग से टकराया फटा डीजल टैंक

दो घायल, टला बड़ा हादसा



हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास

उज्जैन रोड पर देवास से कुछ किलोमीटर दूर सिंगावदा ब्रिज पर बुधवार को एक ट्राला अचानक बेकाबू होकर सुरक्षा दीवार और रेलिंग से जा टकराया। टक्कर इतनी जोरदार थी कि ट्राले का अगला हिस्सा बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गया, जबकि लंबा ट्राला ब्रिज पर आड़ा होकर फंस गया। हादसे के कारण कुछ समय के लिए दोनों ओर का यातायात रोकना पड़ा।हादसे के दौरान ट्राले का डीजल टैंक भी फूट गया, जिससे बड़ी मात्रा में डीजल सड़क पर फैल गया। ज्वलनशील डीजल सड़क पर फैलने के कारण मौके पर खतरे की स्थिति बन गई थी। यदि किसी कारण चिंगारी उठती या आग लग जाती तो बड़ा हादसा हो सकता था। हालांकि गनीमत रही कि समय रहते आग नहीं लगी और एक बड़ी दुर्घटना टल गई। हादसे में ट्राले में सवार हेमंत और जीतू घायल हो गए। दुर्घटना के पीछे चल रहे उनके साथी चालक अरविंद ने तत्काल अपना वाहन रोककर मदद के लिए दौड़ लगाई। ट्राले का केबिन बुरी तरह क्षतिग्रस्त होने के कारण गेट खोलने में काफी मशक्कत करनी पड़ी। अरविंद ने किसी तरह दोनों घायलों को केबिन से बाहर निकाला।इसके बाद घायलों को उपचार के लिए अमलतास अस्पताल पहुंचाया गया। सूचना मिलने पर एनएचएआई की एंबुलेंस भी मौके पर पहुंची और आवश्यक सहायता उपलब्ध कराई गई।साथी चालक अरविंद के अनुसार तीनों लोग चित्तौड़गढ़ से देवास मुर्गी दाना लेकर आए थे। देवास से लौटते समय सिंगावदा ब्रिज पर यह हादसा हो गया। बताया जा रहा है कि घटना के समय हल्की बारिश हो रही थी। प्रारंभिक तौर पर चालक को नींद की झपकी आने की आशंका जताई जा रही है, हालांकि हादसे के वास्तविक कारणों की जांच के बाद ही स्थिति स्पष्ट हो सकेगी।ब्रिज पर ट्राला आड़ा फंस जाने से यातायात पूरी तरह प्रभावित हो गया था। बाद में क्रेन की मदद से क्षतिग्रस्त ट्राले को हटाया गया, जिसके बाद दोनों ओर का यातायात पुनः बहाल हो सका।

आदेश के बाद भी जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र शाखा में काम करती मिली हटाई गई आउटसोर्स कर्मचारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



जिला अस्पताल की जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र शाखा को लेकर सामने आई शिकायतों के बाद हटाई गई एक आउटसोर्स कर्मचारी के दोबारा उसी शाखा में काम करने का मामला सामने आया है। गुरुवार को सामने आए एक वीडियो ने कार्रवाई और आदेशों के पालन पर सवाल खड़े कर दिए हैं। वीडियो में पद से पृथक की जा चुकी आउटसोर्स कर्मचारी पिंकी कुमावत जिला अस्पताल की जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र शाखा में बैठकर काम करती दिखाई दे रही है।जानकारी अनुसार, जिला अस्पताल की जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र शाखा को लेकर लगातार शिकायतें सामने आने के बाद दिशा की बैठक में सांसद महेंद्र सिंह सोलंकी ने मामले में कार्रवाई के निर्देश दिए थे। इसके बाद सीएमएचओ और सिविल सर्जन स्तर से संबंधित आउटसोर्स कर्मचारी को हटाने के आदेश जारी किए गए थे। कंपनी की ओर से स्पष्ट किया गया था कि उक्त कर्मचारी जिला अस्पताल में किसी भी प्रकार की ड्यूटी अथवा कार्य नहीं कर सकेगी।इसके बावजूद गुरुवार को सामने आए वीडियो में पिंकी कुमावत उसी जन्म-मृत्यु प्रमाण पत्र शाखा में बैठकर कार्य करती नजर आई। यह वही शाखा है, जिसे लेकर शिकायतों के बाद कार्रवाई की गई थी। मामले का वीडियो सामने आने के बाद जिला अस्पताल प्रबंधन की कार्यप्रणाली पर भी सवाल खड़े हो गए हैं। मामले में सिविल सर्जन डॉ. एसके खरे ने बताया कि पूर्व में संबंधित कंपनी को कर्मचारी को पद से पृथक करने के आदेश दिए गए थे। वीडियो सामने आने के बाद कंपनी से इस संबंध में बात की गई है कि कर्मचारी किस प्रकार वहां काम कर रही है।

जिला अस्पताल में टीम ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



मुख्य चिकित्सा स्वास्थ्य अधिकारी डॉ. सरोजिनी जेम्स बेक ने बताया कि बुधवार केन्द्रीय स्वास्थ्य आसूचना ब्यूरो की तीन सदस्य टीम में हर्षदा नंदलाल छाजेड, डिप्टी डायरेक्टर सीबीएचआई, कनिष्ठ सांख्यिकी अधिकारी आकाश सराफ एवं अंकुर वर्मा ने जिला चिकित्सालय देवास का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान आकस्मिक चिकित्सा इकाई का निरीक्षण किया वहां पर ओपीडी स्लिप, ऑनलाइन रिकॉर्ड देखा स्टाफ से चर्चा की एवं आवश्यक निर्देश दिए। जन्म-मृत्यु विभाग में निरीक्षण कर संबंधी अभिलेखों की विधिवत जाँच की गई। निरीक्षण टीम ने मातृ एवं शिशु मृत्यु के प्रकरणों के संबंध में जानकारी ली। टीम द्वारा मातृ एवं शिशु मृत्यु समीक्षा कमेटी की कार्यवाही का अवलोकन किया गया। टीम द्वारा ओपीडी में मरीजों के रिकॉर्ड के रखरखाव एवं एमएलसी ऑनलाइन रिकॉर्ड का अवलोकन किया गया। टीम द्वारा क्वालिटी, एनक्यूएएस, कायाकल्प के रिकॉर्ड का भी अवलोकन किया गया। टीम की सदस्य हर्षदा छाजेड ने बताया कि स्वास्थ्य आसूचना क्षेत्र सर्वेक्षण इकाई का मुख्य कार्य क्षेत्र राज्यों में स्वास्थ्य आसूचना प्रणाली का मूल्यांकन, सुदृढ़ीकरण और निगरानी करना है।

त्वरित कार्रवाई: छेड़छाड़ करने वाले आरोपी आए पुलिस की गिरफ्त में

हरिभूमि न्यूज ⏭ चापड़ा



थाना कमलापुर पुलिस ने युवती के साथ कथित रूप से छेड़छाड़, झूमाझटकी और धमकी देने के मामले में त्वरित कार्रवाई करते हुए दो आरोपियों को गिरफ्तार किया है। थाना प्रभारी सर्जन सिंह मीणा ने बताया कि 30 अगस्त को एक 23 वर्षीय युवती ने शिकायत दर्ज कराई थी। शिकायत के अनुसार युवती अपने घर के सामने बैठी थी, तभी उसके परिचित अतिश उर्फ अतिक, निवासी कमलापुर वहां पहुंचा और कथित रूप से उसका हाथ पकड़कर छेड़छाड़ की।मामले में युवती की शिकायत पर थाना कमलापुर में दोनों आरोपियों के विरुद्ध प्रकरण दर्ज कर विवेचना में लिया गया। लगातार तलाश के बाद पुलिस ने 1 सितंबर को दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया।

वर्दी की कलाई पर सजा विश्वास का धागा

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांटाफोड़



रक्षाबंधन सिर्फ भाई की कलाई पर बंधने वाला धागा नहीं, बल्कि विश्वास, सुरक्षा और रिश्तों की जिम्मेदारी का प्रतीक है। इसी भावना को आत्मीयता में बदलते हुए विश्व हिंदू परिषद–दुर्गा वाहिनी की बहनों ने कांटाफोड़ थाना परिसर में पुलिसकर्मियों के साथ रक्षाबंधन पर्व मनाया। दुर्गा वाहिनी की बहनें थाने पहुंचीं और थाना प्रभारी कैलाश चौहान सहित उपस्थित पुलिसकर्मियों को रक्षा सूत्र बांधकर उनके प्रति सम्मान और कृतज्ञता व्यक्त की। कार्यक्रम में मयूरी बिंजवा , एंजल बिंजवा, अनन्या कलम, नेहा कलम, साक्षी कुशवाह, शिवानी कुशवाह, परी ककोड़िया, सोनू ककोड़िया, राजमणि ककोड़िया, सेजल बाक्सिया, सलोनी मस्कोले, आयुषी मस्कोले एवं राधा सिराम सहित दुर्गा वाहिनी की बहनें मौजूद रहीं।

उत्कृष्ट कार्य पर एसपी ने प्रधान आरक्षक रामवीर का किया सम्मान

हरिभूमि न्यूज ⏭ कांटाफोड़



पुलिस विभाग में कर्तव्यनिष्ठा, उत्कृष्ट कार्य एवं बेहतर पुलिसिंग के लिए थाना कांटाफोड़ में पदस्थ प्रधान आरक्षक रामवीर सिंह सोलंकी को पुलिस अधीक्षक द्वारा पुरस्कृत कर सम्मानित किया गया। प्रधान आरक्षक रामवीर सिंह सोलंकी द्वारा अपने दायित्वों का निष्ठापूर्वक निर्वहन करते हुए पुलिस कार्यप्रणाली में सक्रिय भूमिका निभाई जा रही है। उनके कार्य एवं समर्पण को देखते हुए पुलिस अधीक्षक ने उन्हें पुरस्कार प्रदान कर प्रोत्साहित किया। सम्मान मिलने पर थाना कांटाफोड़ के पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों सहित शुभचिंतकों ने प्रधान आरक्षक रामवीर सिंह सोलंकी को बधाई देते हुए उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की। विभागीय अधिकारियों ने कहा कि इस प्रकार का सम्मान पुलिसकर्मियों को और अधिक उत्साह एवं जिम्मेदारी के साथ कार्य करने के लिए प्रेरित करता है।

विधायक गायत्री राजे पवार ने किया 18 करोड़ के विकास कार्यों का भूमिपूजन

गजरा गियर्स- बीएनपी गेट, बीमा तिराहे- कर्मदीप चौराहे पर बनेंगी सड़कें

हरिभूमि न्यूज ⏭ देवास



नगरवासियों को बेहतर एवं सुगम आवागमन सुविधा उपलब्ध कराने के उद्देश्य से विधायक गायत्री राजे पवार ने मंगलवार को शहर में लगभग 18 करोड़ रुपये की लागत से होने वाले विभिन्न सड़क निर्माण एवं विकास कार्यों का भूमिपूजन किया।

मुख्यमंत्री शहरी अधोसंरचना विकास योजना के अंतर्गत गजरा गियर्स चौराहे से बीएनपी गेट तक 7 करोड़ 80 लाख रुपये की लागत से सीसी रोड एवं सर्विस रोड, सड़क चौड़ीकरण, डिवाइडर, स्ट्रॉम वाटर ड्रेन, स्ट्रीट लाइट, पाथवे और ग्रीनरी का कार्य किया जाएगा। इसी प्रकार बीमा तिराहे से कर्मदीप चौराहे तक 11 करोड़ 17 लाख रुपये की लागत से सड़क निर्माण एवं चौड़ीकरण, डिवाइडर, स्ट्रॉम वाटर ड्रेन, स्ट्रीट लाइट तथा पाथवे निर्माण कार्य का भूमिपूजन किया गया। विधायक ने विभिन्न वार्डों में भी सड़क निर्माण कार्यों का भूमिपूजन किया। वार्ड क्रमांक 28 नई आबादी गली नंबर 7 में 10 लाख 61 हजार रुपये की लागत से सीसी रोड एवं पेवर्स ब्लॉक लगाए जाएंगे।

नगर के वार्ड 13 सीताराम नगर में पायोनियर स्कूल के पीछे 10 लाख 65 हजार रुपये की लागत से सीसी रोड बनेगी। वार्ड 11 में कॉम्प्लेक्स तिराहे से राधाकृष्ण मिल्क सेंटर, अलकापुरी चौराहे तक 24 लाख 80 हजार रुपये की लागत से डामरीकरण सड़क पर व्हाइट टॉपिंग की जाएगी। वहीं बीमा रोड से मुखर्जी नगर कॉम्प्लेक्स तक 39 लाख 30 हजार रुपये की लागत से सीसी रोड निर्माण किया जाएगा।

गुणवत्ता से नहीं होगा समझौता

विधायक गायत्री राजे पवार ने सड़क निर्माण की गुणवत्ता पर विशेष ध्यान देने के लिए पार्षदों से निगरानी करने की अपील की। साथ ही निर्माण कार्य करने वाले ठेकेदार को भी गुणवत्तापूर्ण कार्य सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। विधायक पवार ने कहा कि देवास शहर को चारों ओर से हाईवे से जोड़ने की दिशा में सरकार कार्य कर रही है। उन्होंने आगामी समय में बीएनपी गेट से एबी रोड को जोड़ने, रसूलपुर चौराहे से बिंजाना वार्ड तक, आवास नगर बीएनपी थाने से सतपुड़ा स्कूल तक, पालनगर से श्री गणेश मंदिर नागदा वार्ड को जोड़ने वाली सड़क तथा माली धर्मशाला से मल्हार पुलिया तक सीसी रोड निर्माण कार्य शुरू कराने की बात कही। इस अवसर पर महापौर गीता दुर्गेश अग्रवाल, सभापति रवि जैन, भाजपा जिलाध्यक्ष रायसिंह सेंधव सहित वार्ड पार्षद उपस्थित रहे।

नगर में धूमधाम से निकली भगवान धरणीधर बलरामजी की शौर्य यात्रा

हरिभूमि न्यूज ⏭ भौरासा



धाकड़ समाज के आराध्य देव भगवान धरणीधर बलरामजी का जन्मोत्सव श्रद्धा और उत्साह के साथ मनाया गया। इस अवसर पर धाकड़ समाज द्वारा प्रतिवर्षानुसार इस वर्ष भी भगवान धरणीधर बलरामजी की भव्य शौर्य यात्रा धूमधाम से निकाली गई। शौर्य यात्रा में क्षेत्र सहित आसपास के ग्रामीण अंचलों से धाकड़ समाज के सैकड़ों लोग शामिल होने देवास पहुंचे। यात्रा के दौरान समाजजनों में विशेष उत्साह देखने को मिला और भगवान धरणीधर बलरामजी के जयकारों से वातावरण भक्तिमय हो गया।इस अवसर पर सोनकच्छ विधायक डॉ. राजेश सोनकर और हाटपीपल्या विधायक मनोज चौधरी ने भी भगवान धरणीधर की पूजा-अर्चना कर धाकड़ समाज के सभी बंधुओं को जन्मोत्सव की शुभकामनाएं दीं।कार्यक्रम में समाज के वरिष्ठ डॉ. रूपसिंह नागर, सरपंच सुमेर सिंह नागर, इंदर सिंह नागर, जनपद उपाध्यक्ष मदन सिंह धाकड़, मदन सिंह धाकड़ जैतपुरा, विकास नागर, सौदान सिंह नागर, युवराज भंडारी सहित धाकड़ समाज के सैकड़ों वरिष्ठजन एवं समाजबंधु शौर्य यात्रा में शामिल हुए।

खबर संक्षेप

वाहन की टक्कर से बाइक सवार की मौत

ललितपुर। कोतवाली थाना क्षेत्र में राष्ट्रीय राजमार्ग पर सोमवार देर रात तेज रफ्तार अज्ञात वाहन ने बाइक सवार युवक को जोरदार टक्कर मार दी। हादसा इतना भीषण था कि बाइक सवार की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के बाद चालक वाहन समेत मौके से फरार हो गया। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर जिला शवगृह में रखवाया और मामले की जांच शुरू कर दी है। मोहल्ला आजादपुरा वर्णी जैन इंटर कॉलेज के पीछे निवासी महेश झा पुत्र किशोरीलाल झा सोमवार 31 अगस्त की रात करीब 11 बजे अपनी मोटरसाइकिल संख्या यू.पी. 94 एन 7806 से विरधा की ओर से ललितपुर आ रहे थे। इसी दौरान घटवार स्थित इंडियन पेट्रोल पंप के पास राष्ट्रीय राजमार्ग पर अज्ञात वाहन के चालक ने मोटरसाइकिल में टक्कर मार दी। टक्कर जबरदस्त थी महेश झा गंभीर रूप से घायल होकर सड़क पर गिर पड़े और उनकी मौके पर ही मौत हो गई।

युवती से छेड़खानी व मारपीट का आरोप

ललितपुर। कोतवाली थाना क्षेत्र के एक मोहल्ले में एक युवती से छेड़खानी, अभद्रता और मारपीट किए जाने का मामला सामने आया है। तहरीर के आधार पर कोतवाली पुलिस ने एक युवक के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। घटना एक सितंबर की रात करीब नौ बजे की बताई गई है। युवती का आरोप है कि वह अपने मोहल्ले में थी। इसी दौरान मोहल्ले के रहने वाले ऋषि साहू पुत्र रामस्वरूप साहू ने कथित रूप से उसका रास्ता रोक लिया। आरोप है कि युवक ने उसके साथ अभद्रता करते हुए गाली-गलौज की और मारपीट की। युवती ने तहरीर में छेड़खानी करने का भी आरोप लगाया है। शोर मचाने पर उसके पिता सहित आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए। लोगों को आता देखकर आरोपी कथित रूप से जान से मारने की धमकी देते हुए मौके से चला गया।

विवाद में दुकानदार से मारपीट का प्रयास

ललितपुर। थाना बार क्षेत्र के कस्बा बार में दुकान को लेकर चल रहे विवाद के बीच एक दुकानदार से गाली-गलौज और मारपीट का मामला सामने आया है। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने पिता और उसके दो बेटों समेत तीन नामजद आरोपियों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। कस्बा बार निवासी गौरव गुप्ता पुत्र स्व. विनोद गुप्ता 27 अगस्त 2026 की रात करीब नौ बजे अपनी दुकान पर मौजूद थे। इसी दौरान उनकी दुकान के सामने दुकान चलाने वाले सुरेश कुमार उर्फ झुनझुन सेठ पुत्र स्व.सेवाराम गुप्ता कथित रूप से गाली-गलौज करने लगे। गौरव गुप्ता का आरोप है कि जब उन्होंने दुकान से बाहर आकर गाली-गलौज करने से मना किया तो सुरेश कुमार और उनके दोनों बेटे आशीष गुप्ता व सोनू गुप्ता कथित रूप से लाठी-डंडे लेकर उनके साथ मारपीट करने के लिए दौड़े। शोर मचाने पर आसपास के लोग मौके पर पहुंच गए और बीच-बचाव कर मामला शांत कराया।

सेवानिवृत्त शिक्षक के निधन पर जताया शोक

महरौनी (ललितपुर)। परशुराम सेना महरौनी के तत्वावधान में सेवानिवृत्त शिक्षक पं. महादेव प्रसाद मिश्रा के निधन पर शोकसभा का आयोजन किया गया। सभा की अध्यक्षता जगदीश पुरोहित ने की। उपस्थित लोगों ने दिवंगत आत्मा की शांति के लिए ईश्वर से प्रार्थना करते हुए शोक संतप्त परिवार के प्रति संवेदना व्यक्त की। शोकसभा में वक्ताओं ने पं. महादेव प्रसाद मिश्रा के निधन को समाज के लिए अपूरणीय क्षति बताते हुए उनके व्यक्तित्व एवं सामाजिक योगदान को याद किया। उन्होंने कहा कि शिक्षक के रूप में उन्होंने लंबे समय तक अपनी सेवाएं देकर विद्यार्थियों के जीवन को दिशा देने का कार्य किया। सभा में विशेष रूप से उनके पुत्र पं. विनोद मिश्रा एवं पं. लक्ष्मी मिश्रा के प्रति संवेदना व्यक्त की गई। उपस्थित लोगों ने परिजनों को इस दुख की घड़ी में धैर्य रखने की शक्ति प्रदान करने की प्रार्थना की। इस दौरान श्रीकृष्ण नायक, महेश तिवारी, दिनेश विदुआ, रामकुमार दुबे, पिंकू रावत, भोले रावत, रामकुमार मिश्रा मौजूद रहे।

पुलिस ने 10 बकरी-बकरे और निजी एम्बुलेंस बरामद की

एम्बुलेंस से बकरी चोरी करने वाला गिरोह पकड़ाया, चार गिरफ्तार

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



बकरी-बकरों की चोरी करने वाले गिरोह का कोतवाली पुलिस ने खुलासा करते हुए चार वांछित अभियुक्तों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने आरोपियों के कब्जे से चोरी के 10 बकरी-बकरे तथा वारदात में प्रयुक्त एक निजी एम्बुलेंस बरामद करने का दावा किया है। गिरफ्तार आरोपियों को न्यायिक अभिरक्षा के लिए न्यायालय के समक्ष पेश किया गया।यह कार्रवाई एसपी संजीव कुमार बाजपेई के निर्देशन, एएसपी कालू सिंह तथा क्षेत्राधिकारी सदर अजय कुमार के निकट पर्यवेक्षण में अपराध एवं अपराधियों के विरुद्ध चलाए जा रहे अभियान के तहत की गई। पुलिस ने थाना महरौनी में पंजीकृत मु.अ.सं. 940/2026, धारा 305, 317(2), 331(4) बीएनएस में वांछित चार आरोपियों को गिरफ्तार किया। गिरफ्तार आरोपियों में कसाई मण्डी हाल सदनशाह नई तहसील के पीछे निवासी जुनैद पुत्र बबलू कुरैशी, कसाई मण्डी झांसी निवासी रिजवान पुत्र साकिर कुरैशी, महानगर झांसी के थाना बड़ागांव अंतर्गत ग्राम मुढ़ौरा निवासी आकाश पुत्र भगवानदास तथा कसाई मण्डी मस्जिद के पास निवासी जाहिद पुत्र जावेद कुरैशी उर्फ डैनी शामिल हैं। पुलिस के मुताबिक आजाद चौक नदीपुरा निवासी तौसीक रजा पुत्र मोहम्मद इरशाद ने 31 अगस्त 2026 को कोतवाली में तहरीर देकर बताया था कि अज्ञात चोर उसके बाड़े में बंधी बकरी-बकरों को चोरी कर ले गए हैं। तहरीर के आधार पर संबंधित धाराओं में मुकदमा दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू की। घटना के शीघ्र खुलासे के लिए पुलिस की तीन टीमों का गठन किया गया। जांच के दौरान प्रकाश में आए चार वांछित आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया। उनके कब्जे से कुल 10 बकरी-बकरे और घटना में इस्तेमाल की गई निजी एम्बुलेंस बरामद की गई। पुलिस पूछताछ में आरोपियों ने कथित तौर पर बताया कि उनका एक गिरोह है। वह अलग-अलग स्थानों पर घूमकर पहले जानवरों की रैकी करते थे और मौका मिलने पर उन्हें चोरी कर लेते थे। इसके बाद चोरी किए गए जानवरों को बेचकर प्राप्त रकम आपस में बांट लेते थे। आरोपियों ने पुलिस को बताया कि 30 अगस्त की रात नई तहसील के पीछे बंधे बकरी-बकरों को निजी एम्बुलेंस में भरकर चोरी किया था। आरोपियों के अनुसार एम्बुलेंस का इस्तेमाल इसलिए करते थे ताकि किसी को उन पर शक न हो। पुलिस का कहना है कि आरोपी चोरी किए गए बकरी-बकरों को बेचने के लिए ले जा रहे थे, तभी पुलिस ने उन्हें पकड़ लिया। गिरफ्तारी करने वाली टीम में उपनिरीक्षक जयकरन सचान, उपनिरीक्षक अनिल कुमार, हेड कांस्टेबल अभिषेक शुक्ला और कांस्टेबल ज्ञान प्रभाकर शामिल रहे। पुलिस ने सभी गिरफ्तार आरोपियों को नियमानुसार न्यायालय में पेश किया, जहां से उन्हें न्यायिक अभिरक्षा में भेजे जाने की कार्रवाई की गई।

भारतीय स्टेट बैंक के साथ साइन किया एमओयू

मुख्यमंत्री ने उत्तर प्रदेश आउटसोर्स सेवा निगम का किया शुभारंभ, 3.5 लाख कर्मियों को मिलेगा लाभ

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

प्रदेश में लंबे समय से चली आ रही आउटसोर्स सेवा निगम के गठन की मांग सूबे के मुखिया योगी आदित्यनाथ ने भगवान राजधानी से हरी झण्डी दे दी है, उन्होंने लखनऊ स्थित लोकभवन से उत्तर प्रदेश आउटसोर्स सेवा निगम का शुभारंभ किया और सिंगल क्लिक के साथ आउटसोर्स सेवा निगम वढउडर पोर्टल एवं वेबसाइट तथा निगम के लोगो का अनावरण किया। साथ ही खाताधारक आउटसोर्स कर्मियों के व्यापक कल्याण के लिए भारतीय स्टेट बैंक के साथ एमओयू साइन किया। सरकार के इस एतिहासिक फैसले से 3.5 लाख से अधिक आउटसोर्स कर्मियों की हुई चांदी सरकार के इस एतिहासिक फैसले से विभिन्न विभागों के कार्यरत 3.5 लाख से अधिक आउटसोर्स कर्मचारियों को इसका सीधा लाभ मिलेगा और उन्हें आर्थिक व सामाजिक सुरक्षा के साथ ही उनकी सेवा भी सुरक्षित होगी। पूर्व में आउटसोर्सिंग एजेन्सियों के मनमाने रवैये से इन कर्मचारियों का शोषण होता था और अनियमित वेतन तथा नियुक्तियों में भ्रष्टाचार की संभावना भी होती थी, इन सभी समस्याओं के स्थायी समाधान के लिए मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने एक विशेष कार्ययोजना के तहत आउटसोर्स सेवा निगम के गठन का एतिहासिक निर्णय लिया और अपने वादे के अनुसार प्रदेश के आउटसोर्स कर्मियों को आज निगम की सौगात दे दी। सरकार के इस निर्णय से प्रदेश के समस्त आउटसोर्स कर्मचारियों में खुशी की लहर दौड़ पड़ी और सभी ने सरकार को धन्यवाद दिया।

कर्मचारियों को बांटे मानदेय के चेक

लखनऊ में आयोजित इस कार्यक्रम का सजीव प्रसारण ललितपुर में जिलाधिकारी सत्य प्रकाश की अध्यक्षता में कलैक्ट्रेट सभागार में दिखाया गया, इस अवसर पर सदर विधायक रामरतन कुशवाहा, जिला पंचायत प्रशासक कैलाश नारायण निरंजन, राज्यमंत्री प्रतिनिधि चन्द्रशेखर पंथ, एमएलसी प्रतिनिधि केदारनाथ तिवारी, नगर पालिका अध्यक्षा श्रीमती सोनाली जैन की गरिमामयी उपस्थिति रही। संजीव प्रसारण के दौरान मुख्यमंत्री ने आउटसोर्स सेवा निगम का शुभारंभ करते हुए आउटसोर्स कर्मचारियों को बढ़े हुए मानदेय के चेक प्रदान किये, जिसके क्रम में ललितपुर कलैक्ट्रेट में जिलाधिकारी व जनप्रतिनिधिगणों द्वारा भी आउटसोर्स कर्मियों को चेक प्रदान किये गए।

शोषण करने वाली एजेन्सियां होंगी ब्लैक लिस्ट

कार्यक्रम के दौरान मुख्यमंत्री ने अपने उद्बोधन में कहा कि प्रदेश के विभिन्न प्रशासनिक विभागों में कार्यरत आउटसोर्स कर्मियों को शासन द्वारा न्यूनतम पारिश्रमिक सुनिश्चित कराने के साथ ही नियम संगत कटौतियों एवं अन्य सेवा शर्तों का लाभ प्रदान कराने के उद्देश्य से आउटसोर्स सेवा निगम का गठन किया गया है, जिसमें अब आउटसोर्स कर्मियों के मानदेय में वृद्धि के साथ उन्हें दुर्घटना बीमा का लाभ भी दिया जाएगा। साथ ही उन्हें प्राईवेट एजेन्सियों के शोषण से मुक्ति भी मिलेगी। 3.5 लाख से अधिक आउटसोर्स कर्मियों को बधाई दी।

झांसी, ललितपुर और जालौन के व्यापारी होंगे शामिल

सपा ने बजाया चुनाव बिगुल, आज पीडीए व्यापारी मंडलीय सम्मेलन

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



समाजवादी पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल द्वारा जारी पत्र के अनुसार समाजवादी व्यापार सभा उत्तर प्रदेश के तत्वावधान में 3 सितंबर को पीडीए व्यापारी मंडलीय सम्मेलन का आयोजन किया जाएगा। सम्मेलन में झांसी, ललितपुर और जालौन जनपदों के व्यापारी प्रमुख रूप से शामिल होंगे। समाजवादी पार्टी के वरिष्ठ नेता एवं पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ प्रदेश सचिव शत्रुघन सिंह यादव ने बताया कि सम्मेलन गोविंद नगर डैम स्थित सिंचाई विभाग के विश्वेश्वरैया हॉल, ललितपुर में आयोजित होगा। सम्मेलन का उद्देश्य व्यापारी वर्ग से जुड़े विभिन्न मुद्दों पर चर्चा करने के साथ संगठन को मंडल स्तर पर मजबूत करना है। आयोजकों के अनुसार सम्मेलन में समाजवादी व्यापार सभा के राष्ट्रीय अध्यक्ष मनीष जगन अग्रवाल और प्रदेश अध्यक्ष प्रदीप जायसवाल मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद रहेंगे। कार्यक्रम की तैयारियों को लेकर पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं द्वारा आवश्यक व्यवस्थाएं की जा रही हैं। सम्मेलन के संयोजक जितेन्द्र सिंह सलूजा, प्रदेश सचिव समाजवादी व्यापार सभा उत्तर प्रदेश तथा शत्रुघन सिंह यादव, प्रदेश सचिव समाजवादी पिछड़ा वर्ग प्रकोष्ठ उत्तर प्रदेश हैं। पीडीए व्यापारी मंडलीय सम्मेलन में झांसी, ललितपुर और जालौन जनपदों से व्यापारी प्रतिनिधियों के शामिल होने की जानकारी दी गई है।

जिला उद्योग व्यापार मंडल की नई कार्यकारिणी का मनोनयन शपथ ग्रहण संपन्न

व्यापारी अभिन्न अंग, सुरक्षा व विश्वास के लिए सरकार संकल्पित : बडेरा

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

ललितपुर। जिला उद्योग व्यापार मंडल की ओर से बांसी नगर में मनोनयन एवं शपथ ग्रहण समारोह का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में जिला एवं नगर इकाई के पदाधिकारियों का मनोनयन कर उन्हें पद एवं दायित्व की शपथ दिलाई गई।

मुख्य अतिथि भाजपा जिलाध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत, प्रतिनिधि चंद्रशेखर, एएसपी कालू राम मौजूद रहे। इस दौरान जिलाध्यक्ष सुरेश बडेरा, महामंत्री शैलेंद्र सिंघई, प्रदेश उपाध्यक्ष कमलेश सराफ, नगराध्यक्ष नवनीत किलेदार, उपाध्यक्ष राजू सिंधी, रविंद्र दिवाकर, डा.संजीव कड़की, राघवेंद्र राजा, विजय पहलवान, नगर संयोजक मंगू पहलवान तथा नगर संयुक्त महामंत्री मनीष सहित जिला व नगर के पदाधिकारी उपस्थित रहे। बांसी तहसील अध्यक्ष पद पर डा.जितेंद्र जैन को मनोनीत किया गया। उनके साथ विशाल यादव, नीरज बरेरिया,



अभिनव गुप्ता, कुलदीप गुप्ता, अरविंद जैन, सत्येंद्र सेठ और अजय जैन को दायित्व सौंपे गए। तहसील महामंत्री पद पर विवेक गुप्ता एवं शरद सोनी को मनोनीत किया गया। तालबेहट मंत्री पद पर जयपाल राजा, जखौरा सोनू चौरसिया, गुडडू राजा बार, दीपक पाटकर, रूपेश गुप्ता बार एवं रामपाल झा तालबेहट को जिम्मेदारी दी गई।

मीडिया प्रभारी पद पर राघवेंद्र यादव एवं अनिल शर्मा का मनोनयन किया गया। बांसी नगर इकाई के अध्यक्ष पद पर उमेश शर्मा तथा महामंत्री पद पर प्रिंस बुंदेला को मनोनीत किया गया। मंत्री पद पर राघवेंद्र सिंह यादव, गोविंद पाटकर, जितेंद्र गुप्ता, अशोक गोस्वामी, आनंद कुशवाहा, रामकिशोर कुशवाहा, दिनेश झा, अमित सुमन एवं भारत साहू को दायित्व सौंपा गया। संरक्षक पद पर ओम सेठ, लक्ष्मी गुप्ता, बद्री मोदी, महेश सेठ एवं उमेश शर्मा को मनोनीत किया गया। जिलाध्यक्ष ने कहा कि व्यापारी सरकार का महत्वपूर्ण अंग है। सरकार व्यापारियों की सुरक्षा और विश्वास के लिए संकल्पित है। व्यापार मंडल और सरकार मिलकर व्यापारियों के हित में कार्य करेंगे तथा व्यापारियों की समस्याओं के समाधान के लिए हर स्तर पर प्रयास किया जाएगा। महामंत्री शैलेंद्र सिंघई ने कहा कि व्यापार मंडल का उद्देश्य नए व्यापार स्थापित करने और प्रदेश के विकास में योगदान देना है। संगठन छोटे-बड़े सभी व्यापारियों के हितों और सुरक्षा के लिए लगातार कार्य करता रहेगा। भाजपा जिलाध्यक्ष ने कहा कि व्यापार मंडल भाजपा परिवार का अभिन्न हिस्सा है। भाजपा सदैव व्यापारियों के हितों की पक्षधर रही है और व्यापारियों की समस्याओं के समाधान के लिए संगठन उनके साथ खड़ा रहेगा। मनोनयन एवं शपथ ग्रहण कार्यक्रम के बाद सभी नवनियुक्त पदाधिकारियों की ओर से चार पहिया एवं दो पहिया वाहनों के साथ नगर में रोड शो निकाला गया।

भाजपा की बैठक में मंडल अध्यक्षों का स्वागत

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



भारतीय जनता पार्टी की कामकाजी बैठक जिला कार्यालय में आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत ने की एवं संचालन जिला मंत्री एवं कार्यक्रम सह संयोजक ध्रुव सिंह सिसौदिया ने किया। जिलाध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत ने जानकारी दी कि आगामी विधानसभा चुनाव को द्रष्टिगत रखते हुए आज का बिषय गम्भीर है क्योंकि पार्टी अब सौ प्रतिशत कार्यकर्ताओं की सक्रियता चाहती है । उन्होंने कहा कि पार्टी के जिला पदाधिकारियों, मण्डल पदाधिकारियों,प्रवासी, संयोजक, सहसंयोजक सब को स्पष्ट निर्देश है कि जम कर कार्य करना है । उन्होंने कहा कि मण्डल की प्रत्येक बैठक में उसकी सम्पूर्ण जानकारी प्रवासी द्वारा उच्च नेतृत्व को दी जायेगी। इसके अलावा सबसे महत्वपूर्ण बात यह है कि उस क्षेत्र में रहने वाले हमें अपने बरिष्ठ कार्यकर्ताओं और पुराने कार्यकर्ताओं से भी निरन्तर सम्पर्क रख कर उन की सहभागिता सुनिश्चित करानी हैं।

कार्यक्रम की प्रस्तावना रखते हुए जिला महामंत्री हरीराम सिंह लोधी एड ने बताया की आज की महत्वपूर्ण बैठक आगामी कार्यक्रमों के बारे में जानकारी साझा करने के लिए बुलाई गई है।इस अवसर पर जिलाध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत ने विभिन्न कार्यक्रमों को सफल बनाने एवं मन की बात कार्यक्रम की सौ प्रतिशत सफलता पर कार्यक्रम की शुरुआत में मण्डल अध्यक्षों का स्वागत किया गया और उनके कार्य की सराहना की गई। स्वागत किये जानें बाले मण्डल अध्यक्षों में भगतसिंह राठौर,शेलेंन्द्र सिंह बुंदेला,देवी सिंह बुंदेला, कृपालु सिंह लोधी, दीपेन्द्र सिंह लोधी, रामगोपाल विश्वकर्मा,बृजेश सिंह लोधी एड, रामस्वरूप निरंजन,नीरज पटैरिया, रामगोपाल विश्वकर्मा, देवेन्द्र तिवारी, मुकेश पाल आदि उपस्थित रहे ।ें कार्यक्रम जिला सह संयोजक रुचिका बुन्देला ने सभी का आभार व्यक्त किया। इस अवसर पर जिला अध्यक्ष हरिश्चंद्र रावत, कार्यक्रम संयोजक व जिला महामंत्री हरीराम सिंह लोधी एड, रजनी अहिरवार, जिला कोषाध्यक्ष मनीष सड़ैया,, जिला उपाध्यक्ष अरविंद कौशिक, महेश श्रीवास्तव भैया,रुचिका बुन्देला, रजनी घनश्याम साहू, उमाशंकर भोंड़ेले, अवतार सिंह लोधी एड, रमेश कुमार कुशवाहा नझाई, जिला मीडिया प्रभारी देवेन्द्र गुरु, जिला मंत्री दीपक पाराशर, ध्रुव सिंह सिसौदिया मौजूद रहे।

41 वर्षों की सेवा के बाद सेवानिवृत्त हुए सहायक अभियंता संदीप को समारोह आयोजित कर दी भावभीनी विदाई

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



विकास भवन सभागार में जिला ग्राम्य विकास अभिकरण के सहायक अभियंता संदीप तिवारी के 41 वर्षों की उत्कृष्ट, समर्पित एवं सराहनीय शासकीय सेवा पूर्ण होने पर सम्मान एवं विदाई समारोह आयोजित किया गया। अध्यक्षता मुख्य विकास अधिकारी शेषनाथ चौहान ने करते हुये कहा कि संदीप तिवारी ने अपने सेवाकाल में पूर्ण निष्ठा, ईमानदारी और समर्पण के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन किया। उनके कार्यकाल के दौरान विकास परिवार तकनीकी मामलों को लेकर निश्चिंत रहा। उन्होंने कहा कि सेवानिवृत्ति केवल शासकीय सेवा से निवृत्ति है, सामाजिक दायित्वों से नहीं। जिला विकास अधिकारी/पीडी डीआरडीओ अतिरंजन सिंह ने कहा कि सहायक अभियंता संदीप तिवारी को प्रशासन की ओर से जो भी जिम्मेदारी सौंपी गई, उन्होंने उसे पूरी जिम्मेदारी और गंभीरता से निभाया। प्रभारी मंत्री अथवा नोडल अधिकारी के भ्रमण सहित विभिन्न महत्वपूर्ण कार्यों में उनका योगदान सराहनीय रहा।

उपायुक्त रमेश कुमार यादव ने कहा कि शासकीय सेवा में किसी अधिकारी या कर्मचारी की विनम्रता, समयबद्धता और ईमानदारी ही उसकी सबसे बड़ी पहचान होती है। ये सभी गुण संदीप तिवारी के कार्य व्यवहार में स्पष्ट रूप से दिखाई दिए। सेवानिवृत्त सहायक अभियंता संदीप तिवारी ने कहा कि लंबे सेवाकाल के दौरान उन्हें अधिकारियों, सहकर्मियों और अधीनस्थ कर्मचारियों का भरपूर सहयोग मिला। इसी सहयोग के कारण वह अपने दायित्वों का बेहतर ढंग से निर्वहन कर सके।

सीट के नीचे रखा था बैग

तमिलनाडु एक्सप्रेस में यात्री का पिटटू बैग चोरी, नींद खुलने पर गायब मिला

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर

ट्रेन में सफर के दौरान यात्रियों के सामान की सुरक्षा को लेकर एक बार फिर सवाल खड़े हुए हैं। नई दिल्ली से नागपुर जा रहे एक यात्री का पिटटू बैग तमिलनाडु एक्सप्रेस में सीट के नीचे से चोरी हो गया। बैग में जरूरी दस्तावेजों के साथ कपड़े और अन्य सामान रखा था। ललितपुर जीआरपी ने यात्री की शिकायत पर अज्ञात चोर के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

नागपुर निवासी आदित्य पुत्र गजानंद आडे छह अगस्त 2026 को नई दिल्ली से तमिलनाडु एक्सप्रेस (ट्रेन संख्या 12622) से नागपुर के लिए रवाना हुए थे। वह ट्रेन के कोच एस-5 की बर्थ संख्या चार पर यात्रा कर रहे थे। यात्रा के दौरान रात में खाना खाने के बाद उन्होंने अपना काले रंग का ब्रोगन कंपनी का पिटटू बैग सीट के नीचे रख दिया और सो गए। यात्री के मुताबिक, सुबह करीब चार बजे उनकी नींद खुली। उस समय ट्रेन ललितपुर स्टेशन के आसपास थी। उन्होंने सीट के नीचे देखा तो बैग गायब था।

उन्होंने ट्रेन के कोच में बैग की काफी तलाश की और आसपास के यात्रियों से भी पूछताछ की, लेकिन बैग का कोई पता नहीं चल सका। इसके बाद उन्होंने मामले की शिकायत जीआरपी से की। चोरी हुए बैग में आधार कार्ड, पैन कार्ड, चार्जर, तीन जोड़े नए कपड़े, पावर बैंक, छतरी समेत अन्य जरूरी सामान रखा हुआ था। चोरी गए सामान की अनुमानित कीमत करीब 7,000 रुपये बताई गई है। यात्री की शिकायत के आधार पर जीआरपी थाना में अज्ञात आरोपी के खिलाफ मुकदमा दर्ज किया गया है।

10 विद्यालयों के 100 छात्र-छात्राओं ने लिया हिस्सा, जीजीआईसी में हुआ सिटी राउंड

इंडिया हैरिटेज क्विज में एसडीएस इंटर कॉलेज ने मारी बाजी

हरिभूमि न्यूज ⏭ ललितपुर



इन्टैक चैप्टर के तत्वावधान में जीजीआईसी में इंडिया हैरिटेज क्विज-2026 के सिटी राउंड का आयोजन किया गया। प्रतियोगिता में जिले के 10 विद्यालयों के 100 छात्र-छात्राओं ने उत्साहपूर्वक प्रतिभाग कर भारतीय इतिहास, संस्कृति और स्थानीय विरासत से जुड़े सवालों का जवाब देकर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन किया। क्विज प्रतियोगिता में लिखित एवं मौखिक चरण आयोजित किए गए।

प्रतिभागियों से कुल 20 प्रश्न पूछे गए, जिनमें 12 प्रश्न राष्ट्रीय इतिहास, पांच स्थानीय इतिहास और तीन प्रश्न इन्टैक से संबंधित रहे। लिखित चरण के बाद शीर्ष चार टीमों के बीच रोमांचक मौखिक राउंड कराया गया। प्रतियोगिता में एसडीएस इंटर कॉलेज के आर्यन मिश्रा और अक्षय मिश्रा ने प्रथम स्थान प्राप्त कर बाजी मारी। पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय की वैष्णवी यादव और आन्या खरे ने द्वितीय तथा इसी विद्यालय के अंशी चौधरी और यशवीर सिंह ने तृतीय स्थान हासिल किया। विजेता टीमों को अब लखनऊ में आयोजित होने वाली प्रदेश स्तरीय प्रतियोगिता में प्रतिभाग करने का अवसर मिलेगा।

प्रदेश स्तर पर सफलता प्राप्त करने वाली टीम राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिता में दिल्ली में प्रतिभाग करेगी। कार्यक्रम के अंत में सभी प्रतिभागियों को प्रमाण पत्र तथा विजेता छात्रों को पुरस्कार देकर सम्मानित किया गया। प्रतियोगिता में पीएमश्री केंद्रीय विद्यालय, मॉर्डन पब्लिक स्कूल, एवीएम इंटर कॉलेज, जीजीआईसी, जीआईसी, पीएन इंटर कॉलेज, सेंट्रल पब्लिक स्कूल, एसडीएस इंटर कॉलेज, श्रीवर्णी जैन इंटर कॉलेज और रावर कन्या इंटर कॉलेज के विद्यार्थियों ने भाग लिया। मुख्य अतिथि नपाध्यक्ष सोनाली जैन ने कहा कि इन्टैक द्वारा विरासतों के संरक्षण और उनके प्रति जागरूकता बढ़ाने के लिए सराहनीय कार्य किया जा रहा है। ऐसे आयोजनों से ललितपुर की ऐतिहासिक धरोहरों को राष्ट्रीय स्तर पर पहचान दिलाने में मदद मिल रही है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में ललितपुर पर्यटन का प्रमुख हब बन सकता है।

विशिष्ट अतिथि प्रधानाचार्य किरन वर्मा ने कहा कि ललितपुर और बुंदेलखंड क्षेत्र में पर्यटन विकास की अपार संभावनाएं हैं। युवाओं को अपनी ऐतिहासिक एवं सांस्कृतिक विरासत से जोडऩा समय की आवश्यकता है। इन्टैक संयोजक संतोष कुमार शर्मा ने बताया कि क्विज का उद्देश्य युवाओं में प्राचीन संस्कृति, पर्यटन, ऐतिहासिक धरोहरों और गौरवशाली इतिहास के प्रति जागरूकता पैदा करना है। प्रसिद्ध कलाविद ओपी बिरथरे ने कहा कि इस तरह के आयोजनों से युवाओं में बुंदेली वैभव, कला और संस्कारों को जानने की रुचि बढ़ती है। प्रेरणा शर्मा, शिवानी सक्सेना, नूपुर श्रीवास्तव, वंदना, करुणेश, स्वाती, नेहा, प्रसून सिंह आदि मौजूद रहे।

8 सितंबर से भरे जाएंगे नामांकन फार्म, 29 सितंबर को होंगे मतदान

पंचों के 877 एवं सरपंच के 2 रिक्त पदों के लिए चुनाव कार्यक्रम जारी

हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

जिले में जनपद पंचायत राजगढ़, ब्यावरा, खिलचीपुर, जीरापुर, सारंगपुर एवं नरसिंहगढ़ की ग्राम पंचायतों के तहत रिक्त 877 पंच पदों तथा जनपद पंचायत नरसिंहगढ़ की ग्राम पंचायत ढाबला एवं जनपद पंचायत सारंगपुर की ग्राम पंचायत सुल्तानिया में रिक्त सरपंच पद के लिए राज्य निर्वाचन आयोग, भोपाल द्वारा निर्वाचन कार्यक्रम जारी किया गया है। निर्वाचन कार्यक्रम जारी होने के साथ ही जिला निर्वाचन अधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा 31 अगस्त 2026 से संबंधित क्षेत्रों में आदर्श आचरण संहिता प्रभावशील की गई है।

8 सितंबर से भरे जाएंगे नामांकन फार्म

राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा जारी कार्यक्रम के अनुसार रिक्त पदों के लिए 8 सितम्बर, 2026 से नामांकन आवेदन आमंत्रित किए जाएंगे। निर्वाचन प्रक्रिया निर्धारित कार्यक्रम एवं आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों के अनुसार संपन्न कराई जाएगी। जिला निर्वाचन कार्यालय द्वारा संबंधित अधिकारियों को निर्वाचन प्रक्रिया के दौरान आदर्श आचरण संहिता का प्रभावी पालन सुनिश्चित करने तथा निर्वाचन कार्य को निष्पक्ष एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के निर्देश दिए गए हैं।

उपनिर्वाचन तक जिले में निषेधाज्ञा हुई लागू

मतदान कार्यक्रम की घोषणा के साथ ही कलेक्टर एवं जिला दण्डाधिकारी डॉ. गिरीश कुमार मिश्रा द्वारा निषेधाज्ञा आदेश जारी किया गया है। जारी आदेश के अनुसार जनपद पंचायत राजगढ़, ब्यावरा, नरसिंहगढ़, सारंगपुर, खिलचीपुर एवं जीरापुर क्षेत्रांतर्गत संबंधित ग्राम पंचायतों एवं निर्वाचन क्षेत्रों में निषेधाज्ञा आदेश जारी होने की तिथि से निर्वाचन परिणामों की घोषणा तक प्रभावशील रहेगा। आदेश के तहत कोई भी व्यक्ति जनपद पंचायत की सीमा के अन्दर समूह या राजनैतिक या गैर राजनैतिक दल या अन्य आम सभा जुलूस या प्रदर्शन बिना सक्षम अधिकारी की पूर्व अनुमति के नहीं करेगा और न ही किसी भी प्रकार का धरना या घेराव करेगा। कोई भी व्यक्ति किसी भी प्रकार के घातक हथियार जैसे चाकू, लौहे की छड, तलवार, लाठी बल्लम, बरछी, फरसा, गंडासा आदि का सार्वजनिक प्रदर्शन नहीं कर सकेगा। कोई भी व्यक्ति किसी प्रकार के आग्नेय शस्त्रों का प्रदर्शन व उपयोग नहीं कर सकेगा न ही आग्नेय शस्त्रों का अपने आधिपत्य में रख सकेगा। कोई भी व्यक्तिध्दल सम्पत्ति की स्वामी की लिखित अनुज्ञा के बिना सार्वजनिक दृष्टि से आने वाली निजी सम्पत्ति को स्याही, खडिया, पेंट, चूना आदि से या अन्य लिखकर या चिन्हित करके विरूपित नहीं कर सकेगा। अपने पोस्टर दीवालों, सार्वजनिक स्थलों पर चिपकाकर नारे लिखवाकर पेंटिंग आदि कराकर सार्वजनिक सम्पत्ति को विरूपित नहीं कर सकेगा। सक्षम अधिकारी की अनुमति के बगैर ध्वनि विस्तारक यंत्र, माईक, लाउड स्पीकर आदि का प्रयोग वर्जित रहेगा। किसी भी परिस्थितियों में लाउड स्पीकर रात्रि 10 बजे से सुबह 06 बजे के बीच उपयोग नहीं किया जाएगा।

यह है पूरा चुनाव कार्यक्रम

कार्यक्रम	तारीख
नाम निर्देशन प्राप्त करने की अंतिम तारीख	15-09-2026
नाम निर्देशन पत्रों की जांच	16-09-2026
नाम वापसी की अंतिम तारीख	18-09-2026
चुनाव चिन्हों का आबंटन	18-09-2026
मतदान	29-09-2026
मतगणना(पंच हेतु)	29-09-2026
मतगणना(सरपंच हेतु)	03-10-2026

राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर को सौंपा ज्ञापन

राहुल गांधी पर दर्ज एफआईआर के विरोध में कांग्रेस का प्रोटेस्ट मार्च



हरिभूमि न्यूज ⏭ राजगढ़

उत्तराखंड राज्य में कांग्रेस पदाधिकारी राहुल गांधी पर दर्ज मुकदमे के विरोध में जिला कांग्रेस के नेतृत्व में मंगलवार अपरान्ह मुख्यालय पर प्रोटेस्ट मार्च आयोजित किया गया। कांग्रेस जिलाध्यक्ष प्रियवृत सिंह के नेतृत्व में इंका जिला पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता पहले खिलचीपुर नाके पर एकत्रित हुए। यहां से मार्च निकालते हुए सभी कलेक्टोरेट पहुंचे जहां राष्ट्रपति के नाम कलेक्टर को ज्ञापन सौंपा गया।

ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि उत्तराखंड के हल्दानी में मल्लिकार्जुन खड़गेजी के सार्वजनिक कार्यक्रम से संबंधित मंच को कथित रूप से गंगाजल से धोकर '"पवित्र"' किए जाने की घटना सामने आई। यदि किसी व्यक्ति को केवल उसकी जाति के कारण मंच पर आने से मंच के "अपवित्र" होने की बात कही गई है, तो यह सामाजिक समानता, मानवीय गरिमा और संविधान की मूल भावना पर सीधा प्रश्न खड़ा करता है। जब राहुल गांधीजी ने आवाज उठाई तो उन पर ही मुकदमा दर्ज कर दिया गया।

राष्ट्रपति से हस्तक्षेप की मांग

जिला कांग्रेस कमेटी राजगढ़ ने राष्ट्रपति से मांग की है कि इस पूरे प्रकरण का संज्ञान लेते हुए उत्तराखंड सरकार को संवैधानिक मूल्यों, सामाजिक न्याय और कानून के निष्पक्ष पालन को सुनिश्चित करने के निर्देश दिए जाएं तथा संबंधित मामलों की निष्पक्ष जांच एवं कानून के अनुसार उचित कार्रवाई सुनिश्चित की जाए। कांग्रेस पार्टी दलित, आदिवासी, पिछड़े और वंचित समाज के सम्मान की लड़ाई हमेशा लोकतांत्रिक एवं संवैधानिक तरीके से लड़ती रहेगी। संविधान द्वारा दिए गए अधिकारों और सामाजिक न्याय से किसी भी कीमत पर समझौता नहीं किया जाएगा।

राजगढ़ नगर पालिका अध्यक्ष के वित्तीय अधिकारों पर लगी रोक

राजगढ़। राजगढ़ नपाध्यक्ष विनोद साहू की मुश्किल कम होने की बजाय बढ़ती ही जा रही हैं। निर्वाचन के समय उनके द्वारा घोषित चल-अचल संपत्ति के संबंध में चल रही जांच चल रही थी कि अब इंदौर हाईकोर्ट ने भी उनके संबंध में एक अलग फैसला सुनाया है। एडवोकेट हर्षवर्धन शर्मा ने बताया कि कांग्रेस नेता अनिल जैन की याचिका पर न्यायालय ने साहू के वित्तीय अधिकारों पर रोक लगाई है। अब मामले की अगली सुनवाई में प्रतिवादियों का पक्ष सामने आने के बाद न्यायालय इस मामले पर आगे विचार करेगा। नगर परिषद राजगढ़ के मतदाता अनिल जैन ने न्यायालय में याचिका दायर कर विनोद साहू के नगर परिषद अध्यक्ष के रूप में कार्य करने को चुनौती दी गई। याचिका में अध्यक्ष के पद पर बने रहने के अधिकार पर सवाल उठाया गया है। याचिकाकर्ता जैन की तरफ से एडवोकेट ने उच्च न्यायालय की इंदौर खंडपीठ में पक्ष रखा कि साहू के निवार्चन परिणाम की मप्र नपा अधिनियम 1961की धारा 45 के तहत आवश्यक गजट नोटिफिकेशन जारी नहीं हुआ था।

कॉम्बिंग गश्त में दूसरे दिन 7 स्थाई और 18 गिरफ्तारी वारंट तामील



सारंगपुर। पुलिस मुख्यालय भोपाल के निर्देशानुसार जिले में कानून व्यवस्था मजबूत करने, फरार अपराधियों एवं वारंटियों की धरपकड़ और न्यायालयीन आदेशों का कड़ाई से पालन सुनिश्चित कराने के लिए राजगढ़ पुलिस द्वारा लगातार कॉम्बिंग गश्त अभियान चलाया जा रहा है। इसी अभियान के तहत सारंगपुर पुलिस ने लगातार दूसरे दिन कार्रवाई करते हुए 7 स्थाई वारंटी और 18 गिरफ्तारी वारंट तामील किए। अभियान के दौरान 11 वर्ष से फरार एक स्थाई वारंटी को भी पुलिस ने गिरफ्तार किया। पुलिस अधीक्षक राजगढ़ अमित तोलानी के निर्देशन एवं अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक केएल बंजारे के नेतृत्व में एसडीओपी अरविंद सिंह एवं थाना प्रभारी उपनिरीक्षक राहुल रघुवंशी के नेतृत्व में पुलिस टीमों का गठन किया गया था। चार अलग-अलग टीमों को लंबे समय से लंबित स्थाई एवं गिरफ्तारी वारंट सहित अन्य मामलों में वांछित आरोपियों की धरपकड़ के लिए रवाना किया गया। टीमों ने वारंटियों के संभावित ठिकानों पर दबिश देकर 18 गिरफ्तारी वारंट और 7 स्थाई वारंट तामील किए। पुलिस के अनुसार अभियान के तहत अब तक 54 गिरफ्तारी वारंट और 15 स्थाई वारंट, कुल 69 वारंट तामील कराए जा चुके हैं। कार्रवाई में थाना प्रभारी उनि. राहुल रघुवंशी, उनि. राहुल सेंधव, आनंदीलाल भिलाला, प्रधान आरक्षक इरशाद खान, प्रधान आरक्षक हरगोविंद विश्वकर्मा, आरक्षक दीपक मीणा, राहुल सिंह, सत्येंद्र आदि का योगदान रहा।

दशपुर योग शिक्षा संस्थान में योग प्रतियोगिताओं का हुआ आयोजन

मंदसौर। दशपुर योग शिक्षा संस्थान, मंदसौर द्वारा संस्था के पंजीकृत योग साधकों के लिए आयोजित दो विशेष योग प्रतियोगिताएं योग गुरू सुरेन्द्र जैन के मार्गदर्शन में संपन्न हुईं। दोनों प्रतियोगिता में साधिका शांकी आनंद कश्यप ने बाजी मारते हुए प्रथम स्थान हासिल किया। प्रतियोगिता के संयोजक जितेश फरक्या ने जानकारी देते हुए बताया कि साधकों में योग के प्रति जागरूकता और उत्साह बढ़ाने के उद्देश्य से योग बौद्धिक स्पर्धा और योग कला स्पर्धा का आयोजन किया गया था। इस प्रतियोगिता में निर्णायक मंडल की भूमिका योग गुरु सुरेंद्र जैन, योग शिक्षक ओम गर्ग, लोकेंद्र जैन, जिनेंद्र उकावत, प्रीति जैन और ललित जैन ने निभाई। संस्थान द्वारा आयोजित योग



बौद्धिक स्पर्धा में कुल 70 साधकों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया, जिसमें स्वास्थ्य एवं योग से संबंधित 50 वैकल्पिक प्रश्न पूछे गए थे। इस कड़ी प्रतिस्पर्धा में शांकी कश्यप ने प्रथम, मनीषा गोयल ने द्वितीय तथा स्वाति रिछावरा ने तृतीय स्थान प्राप्त किया। इसके साथ ही आनंद कश्यप, अंजली माहेश्वरी और भूमिका खेराजानी को प्रोत्साहन पुरस्कार के लिए चुना गया। वहीं तीन चरणों में आयोजित योग कला स्पर्धा में 48 साधकों ने अपनी योग कला का प्रदर्शन किया। इस स्पर्धा में भी उत्कृष्ट प्रदर्शन करते हुए शांकी कश्यप प्रथम स्थान पर रहीं, जबकि शोभा हिरानी ने द्वितीय और रश्मि कोतक ने तृतीय स्थान हासिल किया। इस स्पर्धा में पीहू पुनवानी, कोमल कोटवानी तथा अंजली माहेश्वरी को प्रोत्साहन पुरस्कार प्रदान किया गया। दोनों प्रतियोगिताओं के सभी विजयी साधकों को संस्थान के आगामी स्थापना दिवस समारोह में विशेष रूप से पुरस्कृत कर सम्मानित किया जाएगा। विजयी प्रतिभागियों को संस्था के प्रेमेन्द्र चौरड़िया, विजय पलोड़, बीना गर्ग, धर्मदास संगतानी सहित सभी साधकों ने बधाई दी है।

'गरीब व शोषित वर्ग के कल्याण के लिए नगर परिषद सदैव तत्पर'

शामगढ़। गरीब, पीड़ित एवं शोषित वर्ग के उत्थान तथा सर्वांगीण विकास के लिए सरकार पूरी तरह प्रतिबद्ध है। समाज के प्रत्येक वर्ग तक विकास की योजनाओं का लाभ पहुंचाना हमारी प्राथमिकता है। यह बात नगर परिषद अध्यक्ष कविता नरेंद्र यादव ने वार्ड क्रमांक 15 में सीसी रोड निर्माण के भूमि पूजन कार्यक्रम के दौरान कही।



उन्होंने कहा कि वार्ड क्रमांक 14, 15 में विभिन्न वर्गों के परिवार निवास करते हैं। इनमें बड़ी संख्या खेतिहर मजदूरों एवं दैनिक मजदूरी है हम्माली कर अपने परिवार का भरण-पोषण करने वाले जरूरतमंद परिवारों की है। दिनभर मजदूरी में व्यस्त रहने के कारण कई बार ऐसे परिवार शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं की जानकारी एवं उनके लाभ से वंचित रह जाते हैं। अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे योजनाओं का लाभ यादव ने वार्ड क्रमांक 14 एवं 15 के पार्षदों सहित उपस्थित जनप्रतिनिधियों एवं प्रबुद्ध नागरिकों से आह्वान किया कि सभी मिलकर यह सुनिश्चित करें कि शासन की प्रत्येक जनकल्याणकारी योजना का लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक पहुंचे।

पीएम व मुख्यमंत्री के नेतृत्व में हो रहा सर्वसमावेशी विकास

उन्होंने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी व मुख्यमंत्री मोहन यादव के नेतृत्व में संचालित जनकल्याणकारी योजनाओं की सराहना करते हुए कहा कि केंद्र एवं राज्य सरकार द्वारा गरीब, मजदूर, किसान और जरूरतमंद वर्ग को ध्यान में रखते हुए अनेक योजनाएं संचालित की जा रही हैं। वार्ड में प्रारंभ हो रहे विकास कार्य भी इसी विकास यात्रा का हिस्सा है। इस अवसर पर स्थानीय जनप्रतिनिधि, वार्ड पार्षद, सिंटू धामुनिया फारुख मेव प्रतिनिधि नवीन फरक्या गोपाल जोशी एल्डरमैन मुकेश दानगढ़ राजू खाती पटेल किशोर पाटीदार आदि उपस्थित रहे।

बैजनाथ महादेव मंदिर में सातवां दीपोत्सव 156 सीढ़ियां 5500 दीपों से हुईं रोशन

नरसिंहगढ़। सोमवार रात बाबा बैजनाथ बड़ा महादेव मंदिर में भादो कृष्ण पक्ष की कजरी सतवा तीज के अवसर पर सातवां दीपोत्सव श्रद्धा और भक्ति के साथ मनाया गया। इस अवसर पर मंदिर की 156 सीढ़ियों को 5500 दीपों से सजाया गया, जिससे पूरा मंदिर परिसर दीपों की रोशनी से जगमगा उठा। शाम से ही मंदिर की सीढ़ियों पर दीप सजाने और प्रज्वलित करने का सिलसिला शुरू हो गया था। मातृशक्ति सहित बड़ी संख्या में श्रद्धालुओं ने उत्साह के साथ एक-एक दीप प्रज्वलित कर भगवान बैजनाथ महादेव के प्रति अपनी आस्था और भक्ति व्यक्त की।

बैजनाथ महादेव मंदिर में दीपोत्सव का आयोजन लगातार सातवें वर्ष किया जा रहा है। इसकी शुरुआत 1100 दीपों से हुई थी। इसके बाद हर वर्ष दीपों की संख्या बढ़ाई गई। पिछले वर्षों में 2100, 3100, 4100 और 5100 दीपों से मंदिर की सीढ़ियों को रोशन किया गया। इस वर्ष 5500 दीप प्रज्वलित किए गए।

सीतामऊ ग्रामीण व बसई मंडल में कलश वंदन यात्रा और समरसता संकल्प अभियान संपन्न

हरिभूमि न्यूज ⏭ मंदसौर



भारतीय जनता पार्टी जिलाध्यक्ष राजेश दीक्षित के मार्गदर्शन एवं भाजपा अजा मोर्चा जिलाध्यक्ष रामरतन आटेल के नेतृत्व में संत शिरोमणि गुरु रविदास महाराज की 650वीं जन्म जयंती वर्ष के अवसर पर सामाजिक समरसता का संदेश जन-जन तक पहुंचाने के उद्देश्य से सीतामऊ ग्रामीण एवं बसई मंडल में कलश वंदन यात्रा एवं समरसता संकल्प अभियान का आयोजन किया गया। यात्रा में भाजपा पदाधिकारियों, जनप्रतिनिधियों, अनुसूचित जाति मोर्चा के पदाधिकारियों, कार्यकर्ताओं एवं बड़ी संख्या में ग्रामीणजनों ने सहभागिता की।

सीतामऊ ग्रामीण मंडल व बसई मंडल में आयोजित कलश वंदन यात्रा एवं समरसता संकल्प अभियान में मुख्य अतिथि सुवासरा विधायक हरदीप सिंह डंग, भाजपा जिला महामंत्री विजय सुराणा, जिला पंचायत अध्यक्ष दुर्गा विजय पाटीदार, भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश प्रशिक्षण प्रभारी गणपत सिंह आंजना, लाल सिंह डुंगावत, मानसिंह माछोपुरिया, भाजपा जिला उपाध्यक्ष जितेंद्रसिंह कोटडामाता, रेखा मादलिया, सुनील जैन, भाजपा जिला मंत्री पुलकित पटवा, पूर्व जिला महामंत्री विजय अटवाल, मंडल अध्यक्ष धनसुख पाटीदार सहित भाजपा एवं अनुसूचित जाति मोर्चा के पदाधिकारी एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे। सीतामऊ ग्रामीण मंडल में यात्रा तितरोद, महुवा, महुवी, खेताखेड़ा होते हुए रहीमगढ़ तक पहुंची, वहीं बसई मंडल में मऊखेड़ा, तितरोद, महुवा, महुवी, खेताखेड़ा, रहीमगढ़, बसई, कुरावन, जयपुर एवं गोवर्धनपुरा सहित विभिन्न ग्रामों में पहुंची। ग्राम गुराड़िया विजय एवं गोवर्धनपुरा में कलश पूजन एवं यात्रा में सहभागिता की गई।

जिपं अध्यक्ष दुर्गा विजय पाटीदार ने कहा कि समाज में समानता की भावना बढ़ रही है और नारी शक्ति भी निरंतर आगे बढ़ रही है। संत रविदास जी के समरस भाव को अपनाकर हमें समाज में एकता, समानता और सद्भाव को और मजबूत करना चाहिए। सुवासरा विधायक हरदीप सिंह डंग ने कहा कि संत रविदास जी का जीवन समानता, सामाजिक न्याय, भाईचारे और मानव कल्याण की प्रेरणा देता है। समरसता संकल्प अभियान एवं कलश वंदन यात्रा के माध्यम से उनके विचार जन-जन तक पहुंच रहे हैं। हमें उनके आदर्शों को आत्मसात कर एकता, सद्भाव और समानता पर आधारित समाज के निर्माण का संकल्प लेना चाहिए। भाजपा किसान मोर्चा प्रदेश प्रशिक्षण प्रभारी गणपतसिंह आंजना ने कहा कि संत रविदास जी ने समाज को एकता, प्रेम और समानता का संदेश दिया। कलश वंदन यात्रा के माध्यम से समाज के सभी वर्गों को साथ लेकर चलने और समरसता मजबूत करने का संदेश दिया जा रहा है।

अनुसूचित जाति मोर्चा जिला अध्यक्ष रामरतन आटेला ने कहा कि संत शिरोमणि गुरु रविदास जी ने समानता, भाईचारे और सामाजिक समरसता का संदेश दिया। उनकी शिक्षाएं आज भी समाज के लिए प्रेरणादायी हैं। कार्यक्रम में अनुसूचित जाति मोर्चा जिला अध्यक्ष रामरतन आटेला, जिला महामंत्री कैलाश मालवीय, जिला उपाध्यक्ष रामबिलास गोयल, जिला मंत्री रितिक सोलंकी, जिला सोशल मीडिया प्रभारी फकीरचंद मालवीय आदि उपस्थित रहे।

